RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 21 अंक » 47
टोंक » गुरुवार » 18 सितम्बर, 2025
पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

संपादकीय

मोदी की कहानी, मोदी की जुबानी

## हमेशा मां हीराबेन का आशीर्वाद लेकर निरंतर आगे बढ़ते गए नरेंद्र मोदी




रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाला नरेंद्र मोदी भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री पद तक कैसे पहुंचे तथा अब तक रहे सब प्रधानमंत्रियों के रिकॉर्ड तोड़कर 11 साल तक एकछत्र राज करने का रिकार्ड स्थापित किया। आगे भी कोई दूसरा व्यक्ति इस पद पर आएगा, इसकी दूर-दूर तक संभावना दिखाई नहीं देती है। नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस मुक्त भारत का जो संकल्प ले रखा है वह 2028 तक पूरा होते हुए दिखाई दे रहा है। आज 75वें जन्मदिन पर उन्होंने अपने मित्र अडाणी को भी एक खूबसूरत तोहफा दिया है। सारे चैनल्स को न्यायालय ने हिदायत दी है कि उनके पास अडानी के मानहानिकारक लेख व विडियो हो तो तत्काल उसे नष्ट कर देवे। अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

### भारत की प्रत्येक मां को गर्व है नरेंद्र मोदी मां पर

दामोदरदास, हीराबा, उनके पांच बेटे और एक बेटी। एक कमरे में कुल आठ लोगों का परिवार रहता था। तेज बारिश में छत जगह-जगह टपकने लगती। हीराबा रिस रहे पानी के नीचे बर्तन लगाती जातीं। नरेंद्र अपनी मां को परेशान देख उनकी मदद को दौड़ पड़ते।

दामोदरदास की चाय की दुकान रेलवे स्टेशन के बाहर थी। नरेंद्र अक्सर वहां भी पिता का हाथ बंटाते। इतनी सी आमदनी में परिवार का गुजारा संभव नहीं था, इसलिए हीराबा आस-पास के घरों में बर्तन धोतीं, मजदूरी करतीं। इसे याद कर नरेंद्र मोदी अक्सर भावुक हो जाते हैं। 28 सितंबर 2015 को अमेरिकी दौरे पर गए मोदी ने फेसबुक टाउनहॉल में बताया- नरेंद्र मोदी की शुरुआती पढ़ाई वडनगर की कुमारशाला-1 में हुई। 8 साल की उम्र में वे आरएसएस की शाखाओं में जाने लगे। साल 1958, दीवाली का दिन था। 'वकील साहब' के नाम से मशहूर आरएसएस प्रचारक लक्ष्मणराव ईनामदार वडनगर पहुंचे। वहां बाल स्वयंसेवकों को संबोधित किया और शपथ दिलाई। इनमें 8 साल के नरेंद्र मोदी भी थे।

यहीं से नरेंद्र के मन में हिंदू राष्ट्रवाद की विचारधारा के बीज पड़े। उम्र बढ़ने के साथ नरेंद्र का मन घर के दायरे से बाहर जाने लगा। उन्होंने अपना उपनाम 'अनिकेत' रख लिया यानी जिसका कोई घर नहीं। उनके समाज की परंपरा में शादी तीन चरण में होती थी। 3-4 साल की उम्र में सगाई, 13 की उम्र में शादी और 18-20 की उम्र में गौना। 13 साल के नरेंद्र की शादी भी ब्राह्मणवाड़ा गांव की जशोदाबेन के साथ कर दी गई। गौना होना बाकी था। एक दिन नरेंद्र ने कहा, 'मां! मेरा मन करता है कि बाहर जाकर देखूं, दुनिया क्या है। मुझे स्वामी विवेकानंद जी की राह पर चलना है।'

पास बैठे पिता बेटे के मन में उभर रहे वैराग्य से परेशान हो गए, लेकिन हीराबा बेटे का मन पहले से भांप गई थीं। उन्होंने पिता को जन्मपत्री देकर कहा- ज्योतिषी को इसकी जन्मपत्री दिखाओ! ज्योतिषी ने बताया- इसकी तो राह ही अलग है, ईश्वर ने जहां तय किया है, ये वहीं जाएगा! इस तरह पिता भी माने। नरेंद्र मोदी ने इस अनुभव को याद करते हुए अपने ब्लॉग में लिखा- घर छोड़कर नरेंद्र पहले रामकृष्ण मिशन के बेलूर मठ गए। इसके बाद दिल्ली, राजस्थान, पूर्वोत्तर और फिर हिमालय। सबसे ज्यादा समय उन्होंने गरुड़चट्टी में बिताया। करीब 2 साल बाद मोदी वापस वडनगर लौटे, लेकिन महज 17 दिनों में फिर घर छोड़ दिया।

संघ प्रचारक वकील साहब ने अहमदाबाद के 'डॉ. हेडगेवार भवन' में मोदी के रहने का इंतजाम कर दिया। यहां वे संघ के स्वयंसेवक, फिर शाखाओं के प्रभारी और फिर प्रचारक बन गए। 15 वर्षों तक मोदी ने देश भर में संगठन के विस्तार के लिए जी-तोड़ काम किया।

1985 में सक्रिय राजनीति में आए और जल्द ही बीजेपी की राष्ट्रीय चुनाव समिति के सदस्य बन गए। उनके माइक्रो-मैनेजमेंट की बदौलत 1989 लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने गुजरात की 14 में से 11 सीटें जीतीं। साल 1990 में लालकृष्ण आडवाणी ने राम रथयात्रा निकाली। नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ से मुंबई तक इसका बेहद सफल समन्वय किया और राष्ट्रीय नेताओं के करीब आए। जब 2 साल बाद मुरली मनोहर जोशी ने लाल चौक पर तिरंगा फहराने के लिए एकता यात्रा निकाली तो उसमें नरेंद्र मोदी दूसरे नंबर के नेता थे। 24 जनवरी 1992 को एकता यात्रा के दौरान जम्मू में दिया उनका भाषण खूब चर्चित हुआ। पंजाब के फगवाड़ा में एकता यात्रा पर अटैक हुआ। गोलियां चलीं। कई लोग मारे गए। नरेंद्र मोदी जानते थे, मां ये सुनकर परेशान होगी। लाल चौक पर तिरंगा फहराने के बाद जम्मू लौटे नरेंद्र मोदी ने पहला फोन अपनी मां को किया।

पीएम ने बुधवार को बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी, सभा को किया संबोधित

# दुकानों पर बोर्ड लगाएं, गर्व से कहो स्वदेशी है : पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री बोले-वही खरीदें जिसमें देशवासी के पसीने की खुशबू हो, जीएसटी कटौती का फायदा उठाएं

एजेंसी

धार। पीएम ने बुधवार को बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। सभा को संबोधित किया। स्वास्थ्य शिविर के अवलोकन के दौरान एक बच्ची को गोद में उठाकर दुलारा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मध्यप्रदेश के धार में कहा, पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर से जवाब दिया है। ये नया भारत है। ये परमाणु धमकी से नहीं डरता। हम घर में घुसकर मारते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जवानों ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया।

पीएम 46 मिनट बोले। उन्होंने दोपहर 12.32 पर संबोधन की शुरुआत की और 1.18 बजे खत्म किया। पीएम ने अमेरिका के ट्रम्प टैरिफ का जवाब स्वदेशी सामान खरीदने की अपील करके दिया। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वो देश में ही बना होना चाहिए। उसमें देशवासी के पसीने की खुशबू और देश की माटी की महक होनी चाहिए। आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि हर दुकान पर बोर्ड हो- गर्व से कहो- ये स्वदेशी है। मोदी ने लोगों से नारा लगवाया कि- गर्व से कहो, ये स्वदेशी है।

उन्होंने कहा, धार की धरती पराक्रम की धरती है। मां भारती की आन-बान-शान से बड़ा कुछ नहीं। हमारा हर पल देश के लिए समर्पित हो। देश की मर-मिटने की सौगंध लेकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने सबकुछ देश के लिए समर्पित कर दिया था।

पीएम ने बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। यहां खुली जीप में लोगों का अभिवादन किया। साथ ही राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के लिए सिंगल क्लिक पर राशि ट्रांसफर की।



### दुनिया के बाजार में मेरे धार का नाम भी चमकेगा

पीएम ने कहा- धार के पीएम मित्र पार्क में बुनाई के लिए जरूरी सामान जैसे- कपास और रेशम आसानी से उपलब्ध होगा, क्वलिटी चेक आसान होगी, मार्केट तक पहुंच बढ़ेगी, यहां स्पीनिंग होगी, प्रोसेसिंग होगी और यहीं से निर्यात होगा। दुनिया के बाजार में मेरे धार का नाम भी चमकेगा। हमारी सरकार 5 एफ विजन पर काम कर रही है।

### मोदी ने कहा- गर्व से कहो, ये स्वदेशी है

पीएम ने कहा, जब 22 सितंबर (नवरात्रि के पहले दिन) से जीएसटी की दरें कम हो रही हैं, तब स्वदेशी चीजें खरीदकर इसका फायदा उठाना है। हर दुकान पर बोर्ड हो- गर्व से कहो- ये स्वदेशी है। उन्होंने लोगों से नारा लगवाया कि- गर्व से कहो, ये स्वदेशी है।

### पीएम मोदी ने बच्ची को गोद में लेकर दुलार किया

पीएम मोदी ने मंच के पीछे बने स्वास्थ्य जांच शिविर में नन्ही बिटिया जाश्वी वर्मा को गोद में लेकर खूब दुलार किया। 9 महीने की जाश्वी कैम्प में आईवीपी, मीजल्स का टीका लगवाने और विटामिन ए की खुराक के लिए आई थी। बता दें कि प्रधानमंत्री ने टीकाकरण एवं बाल स्वास्थ्य जांच कियोस्क का अवलोकन किया। इसमें 5 वर्ष तक के बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया भी दिखाई गई है।

मोदी को जन्मदिन पर दुनियाभर से मिली बधाई

### मोदी को जन्मदिन पर मेसी ने वर्ल्डकप वाली जर्सी भेजी, हॉलीवुड सिंगर ने गाना गाया, ट्रम्प, पुतिन और मेलोनी ने शुभकामनाएं भेजीं

प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई मिली। अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन पर 2022 फीफा वर्ल्ड कप की साइन की हुई जर्सी भेजी है। वहीं, हॉलीवुड सिंगर मैरी मिलबन ने पीएम मोदी के लिए गाना गाया। इसके साथ ही, इटली की पीएम मेलोनी ने मोदी को बधाई देते हुए उनके लीडरशिप की तारीफ की। रूसी राष्ट्रपति पुतिन, इजराइली पीएम नेतन्याहू, ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन समेत कई वर्ल्ड लीडर्स ने भी मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। मेसी इसी साल 13 दिसंबर को भारत आएंगे।



सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे, फिर 14 दिसंबर को मुंबई और 15 दिसंबर को दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली में उनकी पीएम मोदी से मुलाकात भी हो सकती है। मेसी आखिरी बार 2011 में भारत आए थे।

### माताओं-बहनों के जीवन की मुश्किलें कम की

पीएम ने कहा- मेरा हमेशा प्रयास रहा है कि माताओं-बहनों का जीवन आसान बनाऊं, उनकी मुश्किलें कम करूं। स्वच्छ भारत योजना के तहत शौचालय, उज्जवला गैस कनेक्शन, जल जीवन मिशन, आयुष्मान योजनाज इन सभी ने माताओं-बहनों के जीवन की मुश्किलें कम की और उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाया है। मैं भाइयों से भी कहूंगा, आप भी मेरा साथ दीजिए और माताओं-बहनों के स्वास्थ्य का परीक्षण जरूर करवाएं।

राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं को लेकर बड़ा फैसला

## एग्जाम के बाद पेपर पर नहीं कर सकेंगे चर्चा

जयपुर। राजस्थान में होने वाली भर्ती परीक्षाओं को लेकर बड़ा फैसला किया गया है। कोचिंग संचालक, टीचर या फिर कोई और भर्ती परीक्षा के पेपर को लेकर एनालिसिस या फिर डिस्कशन नहीं कर सकेगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 19 सितंबर से होने वाली चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा से इस नियम को लागू किया है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि परीक्षा के दौरान कोई भी ऑनलाइन या ऑफलाइन डिस्कशन शेयर करता है, तो यह परीक्षा के बीच रुकावट माना जाएगा। ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## 13 आरएएस अफसरों का एक दिन बाद फिर ट्रांसफर

### देर रात 41 आरएएस के तबादले, 20 एसडीएम बदले, 5 के निरस्त किए

जयपुर। राज्य सरकार ने मंगलवार देर रात 41आरएएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें 11 महिला अफसर शामिल हैं। 13 आरएएस अफसरों का एक दिन बाद फिर तबादला कर दिया गया है, जबकि 5 के ट्रांसफर निरस्त किए गए हैं। 20 उपखंडों के एसडीएम बदले गए हैं। जयपुर जेडीए में उपायुक्तों में फेरबदल किया गया है। तुलिका सैनी को बीआईपी के अतिरिक्त आयुक्त से राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड में संयुक्त सचिव पद पर पोस्टिंग दी गई है। मेघना चौधरी को आयुर्वेद विभाग से डीआईजी स्टांप एंड रजिस्ट्रेशन अजमेर लगाया है। अनिल कुमार पालीवाल को राज्य महिला आयोग के उप सचिव से मंगनीराम बांगड़ मेमोरियल (एमबीएम) यूनिवर्सिटी जोधपुर का रजिस्ट्रार बनाया गया है। पालीवाल का एक दिन बाद ही तबादला कर दिया गया है। यपुर जेडीए में 5 उपायुक्त लगाए जयपुर जेडीए में उपायुक्तों को बदला गया है, 5 आरएएस अफसरों को जेडीए में उपायुक्त लगाया है। खेल विभाग के उप सचिव राजेंद्र सिंह-2 बांसवाड़ा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) डॉ. अभिषेक गोयल के तबादले जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में उपायुक्त के पद पर किए हैं। चौथ का बरवाड़ा उपखंड अधिकारी (एसडीएम) दामोदर सिंह, कर्मचारी चयन बोर्ड के उप सचिव संजय कुमार गोरा और अजमेर विकास प्राधिकरण उपायुक्त अनुज भारद्वाज को जेडीए के उपायुक्त के पद पर लगाया है।

## इवीएम पर अब कैंडिडेट्स के लगेंगे रंगीन फोटो

### नाम भी बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा, ताकि वोटर आसानी से पढ़ सकें, बिहार चुनाव से शुरुआत

एजेंसी



नई दिल्ली। ईवीएम बैलेट पेपर पर अब उम्मीदवारों के रंगीन फोटो होंगे। इसके अलावा प्रत्याशियों की नंबरिंग और उनका फॉन्ट साइज भी बड़ा होगा, जिससे वोटर वोट डालने के पहले उसे अच्छे से पढ़ और देख सकें। चुनाव आयोग इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से करेगा। इसके लिए चुनाव आयोग ने एक गाइडलाइन जारी की है।

निर्वाचन आयोग ने बताया कि इनके अलावा मतदाताओं की सुविधा और चुनावी प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए पिछले छह महीनों में 28 पहल की हैं। ईवीएम बैलेट पेपर में सभी उम्मीदवारों के नाम, चुनाव चिह्न और फोटो होते हैं। मतदाता इन्हें देखकर वोट देता है।

चुनाव ने बताया निर्वाचन नियम, 1961 के नियम 49बीके तहत ईवीएम बैलेट पेपर की डिजाइन और प्रिंटिंग संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया है, ताकि उनकी स्पष्टता और पठनीयता को बढ़ाया जा सके।

### प्रधानमंत्री मोदी 25 सितंबर को आएंगे राजस्थान



जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को बांसवाड़ा आ रहे हैं। वे यहां राजस्थान-मध्यप्रदेश के बॉर्डर पर बन रहे करीब 45 हजार करोड़ की परमाणु ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास करेंगे। माही डैम के पास बनने वाला यह प्रोजेक्ट परमाणु ऊर्जा मिशन के तहत बनकर तैयार होगा। पीएम बांसवाड़ा दौरे के दौरान शक्तिपीठों में से एक त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में भी दर्शन कर सकते हैं। पीएम मोदी यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे, जिसकी तैयारी सरकार और पार्टी स्तर पर जारी है।

मुख्यमंत्री ने शहरी सेवा शिविर का किया शुभारंभ

# आमजन को मिलेगी सुविधाएं, तत्परता से होगा प्रकरणों का निस्तारण : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

खबरों की दुनिया




जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार को जयपुर के मालवीय नगर से शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच, अथक मेहनत और निःस्वार्थ सेवाभाव से देश के करोड़ों लोगों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली आई है। प्रधानमंत्री मोदी की इसी जनसेवा की भावना से प्रेरित होकर राज्य सरकार ने उनके जन्मदिन पर शहरी सेवा शिविर आयोजित कर सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया है। इन शिविरों के माध्यम से अंतिम पायदान के व्यक्ति तक राहत पहुंचेगी और उनके जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आएगा।

### प्रधानमंत्री ने देशहित में किए ऐतिहासिक कार्य

मुख्यमंत्री शर्मा ने नरेन्द्र मोदी को प्रदेश की आठ करोड़ जनता की ओर से जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में गत 11 साल में देशहित में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। देश विश्व की चैथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी ने अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कर देशवासियों के 500 वर्षों का इंतजार खत्म किया और जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की दीवार को गिराया। उन्होंने कहा कि हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वालों को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के जरिये माकूल जवाब दिया गया।

### आमजन के लिए शहरी सेवा शिविर बनेंगे वन-स्टॉप समाधान

शर्मा ने कहा कि मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र को ध्येय मानते हुए राज्य सरकार ने जनता की सेवा के लिए शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ किया है। इससे आमजन का जीवन बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, ब्लैक स्पॉट खत्म करने, सड़कों, नालियों तथा सीवर लाइनों की मरम्मत, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को दुरूस्त करने, पार्कों-चैराहों के सौंदर्यकरण सहित विभिन्न जन उपयोगी कार्य किए जाएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि ये शिविर वन-स्टॉप समाधान के रूप में काम करेंगे। यहां जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस और सीवर कनेक्शन जैसी सेवाएं तत्परता से मिलेंगी। साथ ही, लीज होल्ड, फ्री होल्ड पट्टे जारी किए जाएंगे तथा नामांतरण और नाम हस्तांतरण जैसे कार्य भी नई गति से पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि शहरी सेवा शिविरों के आयोजन में प्रधानमंत्री का गरीब उत्थान का संकल्प समाहित है।

### 10 हजार गांवों के बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा के ऊपर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के दर्शन को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार ने हाल ही में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित किया। इसमें लाखों जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में गरीबी मिटाओ अभियान को लेकर चल रही है। इसी दिशा में हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबीमुक्त गांव योजना के माध्यम से 10 हजार गांवों के बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा के ऊपर लाने का काम कर रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, मा वाउचर योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, श्री अन्नपूर्णा रसोई, अल्प आय वर्ग के बुजुर्गों, विधवाओं, एकल नारियों, दिव्यांग व्यक्तियों तथा लघु एवं सीमांत किसानों को पेंशन आदि कार्यों से जरूरतमंदों को लाभान्वित किया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने शिविर में विभिन्न विभागों की स्टॉलों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शहरी शिविर 2025 की मार्गदर्शिका का विमोचन किया और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चैक एवं अन्य लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए।

खबरों की दुनिया

**एक नजर**

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा मण्डल ने आयोजित किया रक्तदान शिविर



खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मण्डल खाटूश्यामजी की ओर से मंगलवार को गुड़गांव धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं व महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मण्डल अध्यक्ष मुकेश रामूका व शिविर संयोजक संजय पारीक ने बताया कि शिविर में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच,भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, प्रधान प्रतिनिधि प्रभु सिंह गोगावास, भाजपा नेता गजानंद कुमावत तथा श्री श्याम मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि रहे। शिविर में 135 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। भाजपा नेता गजानंद कुमावत ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न समाजोपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रक्तदान शिविर में युवाओं का जोश देखते ही बनता था। कार्यक्रम में मनीष योगी, सोनू तुलछानी, हितांशु भारद्वाज, नरेंद्र मीणा, मानवेन्द्र सिंह, अंशुमन शर्मा, विक्की जांगिड़, मोहन मावलिया, लक्ष्मीनारायण कुमावत सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शूटिंग प्रतियोगिता में प्रिंस को 6 स्वर्ण पदक सहित कुल 15 पदक




खबरों की दुनिया

**सीकर।** 69वीं जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में प्रिंस की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 मेडल जीते हैं। 17 वर्ष एवं 19 वर्ष छात्र व छात्रा स्पर्धा में प्रिंस ने 6 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक एवं 6 कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में प्रिंस के साहिल, रितेष, समरजीत सिंह, मुक्ता सिंह, नम्रता एवं कमल सिंह ने स्वर्ण पदक; विकास कुमार, भव्य प्रजापत एवं हिमांशु सिंह ने रजत पदक तथा देव, चैन सिंह, रिया चौधरी, हर्षा सिंह, हर्षिता एवं उदित राज ने कांस्य पदक जीता है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में ब्रिगेडियर एच.एस पिलखवाल, कैप्टन जे आर चौधरी आदि ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

## ट्रेडिंग में प्रॉफिट का झांसा देकर 2 करोड़ हड़पे

### पैसे वापस मांगने पर मारपीट, झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर के उद्योग नगर इलाके में ट्रेडिंग में अच्छा प्रॉफिट कमाने का झांसा देकर 2 करोड़ रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। जोधपुर के 3 लोगों ने रुपए हड़पे। उद्योग नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस संबंध में सीकर के उद्योग नगर पुलिस थाने में जगदीश ने मुकदमा दर्ज करवाया कि उन्होंने रानीसती रोड पर अपना ऑफिस खोल रखा है। दिसंबर 2023 में उनके ऑफिस पर नरपतराम चौहान, जितेंद्र सिंह, महेंद्र चौहान आए। तीनों ही जोधपुर के खेजड़ला इलाके के रहने वाले हैं। इन्होंने कहा कि ट्रेडिंग (फोरेक्स) में अच्छा प्रॉफिट होगा। तुम्हें हम ट्रेडिंग में बहुत सारा पैसा कमाकर देंगे। आप जो पैसे दोगे उसकी जिम्मेदारी हमारी होगी।

ऐसे में जगदीश ने खुद सहित 20 लोगों के कुल 2 करोड़ उन लोगों को दे दिए। लेकिन इसके बदले में उन्हें कोई भी प्रॉफिट नहीं मिला। जब जगदीश ने उनसे पैसे मांगे तो पहले तो उन्होंने ब्याज सहित पैसे लौटाने की बात कही। लेकिन 2 साल से लगातार आश्वासन देते रहे। झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। थोड़े दिन

पहले जगदीश को पैसे लेने के लिए सीकर में प्रधान जी के जाव के पास बुलवाया गया। तब उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। फिलहाल उद्योग नगर पुलिस थाने के,स्ढ्ढ रंगलाल मामले की जांच कर रहे हैं।

## ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया

खबरों की दुनिया

**सीकर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ दांता के तत्वाधान में आज दिनांक 16 सितंबर 2025 को स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र बनाथला में चल रहे द्वितीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आज अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सचिव रामलाल महला, लीडर ट्रेनर प्रभु दयाल कुमावत, सहायक सचिव फूल मोहम्मद, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर रजनीश कुमार शर्मा भादरमल लौरा ने पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के तहत आज विश्व ओजोन परत संरक्षण पर विस्तार से अपने विचार रखें प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर रजनीश कुमार शर्मा ने सभी स्काउट व आए हुए स्काउट मास्टर और स्काउट इंचार्ज को ओजोन परत संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्काउटस की भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं पर्यावरण रैली निकाली गई। कार्यक्रम में हनुमान प्रसाद सिंगल सहायक जिलाकमिश्नर , जगदीश प्रसाद कुमावत , मोहन सिंह महला, तुलसीराम कुमावत, अजय कुमार डमोलीया ,संजय कुमार रोहिल, अंकित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जिला प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने कोलीड़ा में ग्रामीण सेवा शिविर व सीकर में शहरी सेवा शिविर का किया निरीक्षण

### अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

खबरों की दुनिया






**सीकर।** डिस्कॉम अध्यक्ष, जयपुर विद्युत वितरण निगम एवं जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने जिले के सीकर उपखण्ड के कोलीड़ा गांव में ग्रामीण सेवा शिविर तथा नगर परिषद सीकर में शहरी सेवा शिविर अभियान का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर शिविर से निराश नहीं होकर जायें। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों का लाभ वास्तविक रूप से आमजन तक पहुंचे और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर अधिकारियों से उनके विभाग की योजनाओं और प्राप्त हो रहे आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर शिकायत को गंभीरता से लेवें और उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। प्रभारी सचिव डोगरा ने कहा कि यह अभियान राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के समन्वित विकास को बढ़ावा देने, मूलभूत सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति के लिए चलाया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान डोगरा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। ऐसे शिविरों के माध्यम से हम ज़मीनी स्तर पर जरूरतमंदों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अधिकारी शिविरों को केवल औपचारिकता न मानें, बल्कि इसे जनसुनवाई और त्वरित समाधान का एक प्रभावी मंच बनाएं। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, अधीशाषी अभियन्ता प्रतिभा सहित नगर परिषद के अधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहें। डिस्कॉम अध्यक्ष, जयपुर विद्युत वितरण निगम एवं जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने सीकर उपखण्ड पिपराली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कोलिड़ा में बुधवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों की प्रभावी मॉनिटरिंग हो तथा शिविर के बाद भी लोगों से निरंतर संवाद बनाए रखें और यह सुनिश्चित करें कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों की प्रभावी मॉनिटरिंग हो। उन्होंने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से बातचित कर योजनाओं की हकीकत जानी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

शिविर में उपलब्ध सेवाएं- वृद्धावस्था पेंशन, पालनहार, जन आधार कार्ड, वंचित वर्ग के लिए बीपीएल कार्ड निर्माण, चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श, महिला एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी, मनरेगा जॉब कार्ड नवीनीकरण एवं नई स्वीकृतियां, कृषि, पशुपालन, राजस्व, सामाजिक न्याय आदि विभागों की सहभागिता रही। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपने आवेदन प्रस्तुत किए। मौके पर ही कई समस्याओं का निराकरण किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शीशराम यादव, सीकर उपखण्ड अधिकारी निखिल कुमार, तहसीलदार सीकर भीमसेन सैनी, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अन्य विभागीय अधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## देवनानी पर झूठे आरोप से कांग्रेस अपनी लगातार हार की कुंठा व्यक्त कर रही : खर्रा

खबरों की दुनिया




**सीकर।** यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कांग्रेसी नेताओं द्वारा विधानसभा अध्यक्ष पर लगाए झूठे आरोपों को कांग्रेस की लगातार हो रही हार को कुंठा से ग्रस्त बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं का बयान इस बात को संकेत हैं कि लगातार कांग्रेस की हार से उनमें कुंठा पैदा हुई है। यह बात यूडीएच मंत्री खर्रा ने बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता में पत्रकारों से कही।

उन्होंने कहा कि कुंठा व्यक्त करना या अपने में समाहित कर अपना व्यवहार शालीन रखना यह उस व्यक्ति पर निर्भर करता है कि कुंठा में वह अपना व्यवहार खराब करता है या शालीनता से रहता है। कहा कि सदन जब चलता है तो सभी विधायक सदन में उपस्थित रहते हैं। उस समय कैमरों से लाईव प्रसारण होता है। उसमें देखा जाता है कौन विधायक क्या कर रहा है, व्यवस्था में है या अव्यवस्था फैला रहे हैं यह सारी जानकारी जनता के बीच में लाईव देखी जाती है।

उन्होंने कहा कि उस कांग्रेस के पदाधिकारी कुंठा की अभिव्यक्ति अपने छोटे कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, प्रदेश पदाधिकारियों व विधायकों के माध्यम से व्यक्त कर रहे हैं। कांग्रेस की दो महिला विधायकों ने बात रखी है कि विधानसभा अध्यक्ष उनको देखते हैं। जबकि सदन में सभी आपस में देखते हैं कि कौन कैसे आया है, कौन क्या पहनकर आया है। विधानसभा का लाईव प्रसारण जनता के बीच में देखा जाता है।

## दैया सैनी समाज के पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

खबरों की दुनिया



**सीकर।** सैनी समाज संस्था,सीकर की सैनी विश्राम सदन में आयोजित साधारण सभा की बैठक में वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार दैया को पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। सभा के प्रारंभ में सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश सैनी मिलन ने समाज को कुशल नेतृत्व प्रदान करने वाले वर्तमान अध्यक्ष राज कुमार दैया के नाम का प्रस्ताव किया जिसका श्री गोविंद राम कटारिया,आनंद कुमार टाक, रामगोपाल राकसिया, मंगलचंद समर्थपुरा, मदनलाल काकड़वाल, मदनलाल सैनी मैनेजर,मांगीलाल इंदौरिया ,किशोर पंवार, पुरुषोत्तम सैनी, वैद्य रिछपाल सैनी, घीसालाल पंवार,विष्णु सिंगोदिया, मुकेश खडोलिया, मनोज सिंगोदिया, हरिराम सैनी नर्सरी, रामनिवास सैनी, मन्नालाल सैनी, महावीर कॉमरेड शिवसिंह पुरा सरपंच, गणपत समर्थपुरा, गोपाल समर्थपुरा, राहुल , मनोज सिंगोदिया, रामावतार सैनी, सुरेश अन्ना, नोरंग लाल सैनी, प्रहलाद पवार, नागरमल समर्थपुरा, नेमीचंद इंदौरिया सहित समस्त सदस्यों ने पुरजोर करतल ध्वनि से प्रस्ताव का समर्थन किया तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारी भोलाराम सैनी ने श्री राजकुमार दैया के सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मत निर्वाचन की घोषणा की तथा निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। निर्वाचन की घोषणा होते ही सभी ने माल्यार्पण कर श्री दैया का अभिनंदन किया। संरक्षक भंवरलाल गार्ड द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया गया तथा लड्डुओं से मुंह मीठा करवाया। निर्वाचन के बाद श्री दैया ने समाज की आशाओं और अपेक्षाओं पर सदैव खरा उतरने का विश्वास दिलाया तथा पुनः विश्वास व्यक्त करने के लिए समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रेम प्रकाश सैनी ने दैया के नेतृत्व में समाज की प्रगति का विश्वास व्यक्त किया। श्री गोविंद राम सैनी मुख्य संरक्षक महात्मा ज्योतिबा फुले करियर एकेडमी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रगट किया।

सभा का संचालन कैरियर एकेडमी के निदेशक आर के चोबदार तथा महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्थान के सचिव डॉ. ओ पी सैनी ने किया।

## जंजर अवस्था में पड़ा 50 वर्ष पहले का मावली माता जी के मंदिर की सभा का आयोजन



खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** मेघवालों के मोहल्ले में स्थानीय ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से एक पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार करने के लिए एक सभा का आयोजन किया गया

इस सभा की अध्यक्षता बठोठ युवा सरपंच अजय सिंह चौहान ने की,तथा सभा को संबोधित अध्यापक कृष्णकांत शर्मा ने किया इस सभा में अनेक ग्रामीणों ने भाग लिया तथा एक-एक कर सभी ने मंदिर पुनः निर्माण हेतु अपनी राय दी अंत में ये फैसला लिया गया कि ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर को भव्य एवं सुंदर बनाया जाए इस सभा में पंचायत समिति सदस्य राकेश वर्मा , गोसाई सेवा समिति के अध्यक्ष रामेश्वर थानेदार, गांव के मुख्य कार्यकर्ता महिपाल खीचड़,अशोक,मनीष, बाबूलाल, राकेश गुजरती, पीयूष शर्मा,नेमीचंद,बजरंग भार्गव,भगीरथ मल धानिया ओर अनेक ग्रामीण जनों ने भाग लिया तथा मावली माता जी सेवा समिति का गठन किया गया जिसमें अभिषेक रोलन, पवन धानिया ,दीनदयाल ,प्रकाश कुमार ओर प्रमोद धानिया पांच को मुख्य कार्यकारी के रूप में नियुक्त किया गया। इस सभा का संचालन अभिषेक रोलन तथा पवन धानिया ने किया।

### मंदिर का महत्व और जीर्णोद्धार

यह मंदिर 50 वर्ष पुराना है और स्थानीय लोगों के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है।

समय के साथ मंदिर की स्थिति खराब हो गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने इसे फिर से बनाने का निर्णय लिया।

## सीकर पुलिस ने ड्रग सप्लायर 2 सगे भाई पकड़े

**सीकर।** सीकर जिले की थोई थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल जब्त किए हैं। पुलिस ने मौके से ड्रग सप्लायर दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मनोज कुमार (20) और दिनेश कुमार (22) के रूप में हुई। आरोपी कांवट (सीकर) के रहने वाले हैं।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थोई थाना पुलिस, बडिया मोड से रामसर, कांवट रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान सूरज कॉलोनी के पास दो युवक इलेक्ट्रिक स्कूटी पर आते दिखे। पुलिस की गाड़ी देखकर दोनों ने स्कूटी मोड़कर भागने की कोशिश की, जिससे पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने मौके पर आरोपियों की स्कूटी रुकवा ली और तलाशी ली गई। तलाशी में आरोपियों के पास से 48 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया और एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया। फिलहाल पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मामले की जांच अजीतगढ़ थानाधिकारी रिया चौधरी को सौंपी गई है। आरोपियों से ड्रग तस्करी के कई और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर भाजपा नेता लखोटिया ने सालासर गौशाला में गायों को लगाया छप्पन भोग का प्रसाद




खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक व 5 राज्यों में समन्वयक कुमार लखोटिया ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर सालासर बालाजी गौशाला में गायों को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया। इससे पहले भाजपा नेता लखोटिया ने सालासर बालाजी के दर्शन कर प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की।

सालासर गौशाला समिति के अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी के साथ गायों को छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर दातारामगढ़ में भाजपा की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंच कर लखोटिया ने रक्तदाताओं का होंसला अफजाई की तथा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए

## अमर शहीद हेमाराम की मूर्ति पैतृक गांव बासड़ी कला पहुंची ग्रामीणों ने बिछाये पलक पावड़े

खबरों की दुनिया




**दांतारामगढ़।** निकटवर्ती गांव बासड़ी कला स्थित शहीद हेमाराम की मूर्ति आज मूर्तिकार वीरेन्द्र सिंह खुडानियाँ शहीद के पैतृक गांव बासड़ी कला पहुंचे तो ग्रामीणो ने मूर्ति के स्वागत मे मोटरसाइकिलो व गाड़ियों पर तिरंगा लगाकर जीणमाता जी पहुचे इस दौरान बड़ी संख्या मे युवा भारत माता, शहीदहेमाराम अमर रहे, जब तक सूरज चाँद रहेगा शहीद हेमाराम का नाम रहेगा के जयकारे लगाते हुए देशभक्ति गानों के साथ प्रतिमा को लेकर ग्राम बासड़ी कला पहुंचे जहाँ मूर्ति को शहीद स्मारक पर विधिविधान से स्थापित किया गया। जिसका आगामी 20 सितंबर, शनिवार सुबह 10:15 बजे अनावरण समारोह आयोजित होगा। अनावर समारोह को लेकर ग्रामीणों द्वारा पोस्टर विमोचन व जनसंपर्क के लिए गठित की गई टीमों आज दर्जनों जगह पोस्टर विमोचन करवाया तथा कार्यक्रम मे आने के लिए जनप्रतिनिधियों व आमजन को आमंत्रित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में शहीद वीरांगना विमला देवी ममता सिंह निठारवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुमन वर्मा, बासड़ी पंचायत समिति सदस्य श्रीराम वर्मा, उप सरपंच नेमीचंद निठारवाल, ग्राम सेवा सहकारी समिति डायरेक्टर, पवन निठारवाल ग्राम सेवा सहकारी समिति डाइरेक्ट, मोटाराम वर्मा, राजेश निठारवाल, बजरंग लाल निठारवाल, विनोद कुमार, शंकरलाल निठारावल, तनसुख सिंह, महेंद्र फौजी, राजकुमार, विजयपाल निठारवाल हरि प्रसाद, प्रदीप कुमार राकेश कुमार गिरधारी लाल प्रताप निठारवाल सहित बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग, महिलाये, बच्चे उपस्थित रहे।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## सोहेला में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल



खबरों की दुनिया

**पीपलू।** पुलिस थाना बरोनी थानांतर्गत मंगलवार देर रात नेशनल हाईवे 52 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से शिवदयाल पुत्र हरजी मीणा(40) निवासी सोहेला की दुर्घटना में मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा गया। वहीं भागचंद पुत्र रामावतार नाई(28) निवासी सोहेला घायल हो गया। उसे तुरंत टोंक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसका इलाज जारी है।

घटना रात्रि करीब 12 बजे हुई। बताया गया कि शिवदयाल रोज़ाना की तरह घर से ढाबे पर जा रहा था तभी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल सड़क किनारे गिर गई। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

## बनेठा में साइंस लैब के निर्माण के लिए 22.50 लाख की स्वीकृति

### आठ सरकारी स्कूलों में साढ़े चार करोड़ की लागत से तैयार होगी साइंस लैब

खबरों की दुनिया

**बनेठा।** उप तहसील मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को अब प्रैक्टिकल देने के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा इसके लिए राज्य सरकार द्वारा क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र गुर्जर की अभिशंसा पर साइंस लैब के लिए 22.50 लाख रुपए की स्वीकृति जारी कर दी गई है। देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने बताया कि समूचे देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में साइंस लैब निर्माण के लिए लगभग 4.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा जारी हुई हैं। विधानसभा क्षेत्र देवली उनियारा में आठ सरकारी विद्यालयों में इस राशि से साइंस लैब का निर्माण होगा। विधायक गुर्जर ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार जताया हैं।

उनियारा ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनेठा में भौतिक विज्ञान की लैब के लिए 22 लाख 50 हज़ार रुपए, शहीद रामराज शर्मा राउमावि ढिकोलिया में साइंस लैब निर्माण के लिए 67 लाख 50 हज़ार रुपए की स्वीकृति जारी हुई हैं जिनमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान की प्रयोगशाला का निर्माण होगा। राउमावि पचाला में केमेस्ट्री व बायोलॉजी लैब के लिए 45 लाख रुपए, राउमावि सोप में फिजिक्स, केमेस्ट्री व बायोलॉजी लैब के लिए 67 लाख 50 हज़ार रुपए की स्वीकृति जारी हुई हैं।

वहीं देवली ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घाड़ में भौतिक विज्ञान,रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान प्रयोगशाला के लिए 67 लाख 50 हज़ार, राउमावि हिसामपुर में 67 लाख 50 हज़ार व राउमावि गैरोली में 67 लाख 50 हज़ार रुपए तथा राउमावि पोल्याडा में फिजिक्स व बायोलॉजी लैब के लिए 45 लाख रुपए की मजूरी मिली है। इन विद्यालयों में प्रयोगशाला बननें के बाद विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल कार्य करनें में ओर अधिक सुविधाएं मिल सकेगी तथा विद्यार्थियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का किया शुभारम्भ





खबरों की दुनिया

**टोंक।** पंचायत समिति टोंक विकास अधिकारी सविता राठौड़ ने बुधवार को ग्राम पंचायत पालड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान का भी शुभारम्भ किया। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत विकास अधिकारी द्वारा स्वच्छता वाहन को हरी झण्डी दी गई, स्वच्छता रैली निकाली गई, मानव श्रंखला बनाकर लोगो को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया गया व उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलवायी गई। शिविर के दौरान विकास अधिकारी द्वारा 40 लोगों को आवासीय पट्टे भी वितरीत किये गये। इस अवसर पर अति. विकास अधिकारी छोटुलाल जाट, सहायक विकास अधिकारी कालुराम गुर्जर, प्रशासक मौसमी देवी मीणा, उप प्रशासक नीतु राणा, ग्राम विकास अधिकारी मीनाक्षी मीणा, चौधमल चन्देल कनिष्ठ सहायक, रमेशचन्द बलाई, रामदेव मीणा आदि मौजूद रहें।

*स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का आगाज*

# महिलाओं और किशोरियों को मिली स्वास्थ्य सुविधाएं, शहर-गांवों में शिविर लगेंगे





खबरों की दुनिया

**टोंक।** प्रदेश मे महिला स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने, मासिक धर्म स्वछता, पोषण को बढ़ावा देने, गैर संचारी रोग, कैंसर, एनिमिया, टीबी, सिकल सेल स्क्रीनिंग, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, मातृ शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहन, रक्तदान व स्वास्थ्य के लिए जागरूकता हेतु समुदाय को संगठित करने के उद्देश्य से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शुरु किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान और 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान का शुभारंभ किया। सशक्त भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान का शुभारंभ किया, वही प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर मे राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), जिला अस्पतालों और उप जिला अस्पतालों में आयोजित किया जाएगा। इन स्वास्थ्य शिविरों में प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के लिए अब तक का सबसे बड़ा स्वास्थ्य अभियान बन जाएगा। प्रदेश के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

टोक जिले मे अभियान का जिला स्तरीय शुभारम्भ कार्यालय जिला परिषद सभागार में जिला प्रमुख सरोज बंसल द्वारा किया गया। इस अवसर पर ललित कुमार अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद टोंक, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सरोज मीना, सीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी, आरसीएचओ डॉ. गोपाल जागिंड, एडिशनल सीएमएचओ डॉ. जितेन्द्र शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अभिमन्यु डासवानी, एफएसओ सत्यनारायण गुर्जर, डीपीएम देवराज गुर्जर, युपीएम सिंहराम गुर्जर, दामोदर बैरवा जिला समन्वयक स्वच्छत भारत मिशन जिला परिषद टोंक, डीपीसी टिंकु राय, डीपीसी मॉ योजना, अजय सिंह, राजेश सैनी, राकेश गुर्जर, हरिनारायण गुर्जर, व स्टाफ मौजूद रहा।

जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान और 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान का शुभारंभ किया। इन स्वास्थ्य शिविरो में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, आवश्यक दवाएं और जागरूकता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान करना है। उनका कहना था कि इससे महिलाएं न केवल स्वयं स्वस्थ रहेंगी, बल्कि पूरे परिवार को सशक्त बनाने में भी सक्षम होंगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान देश, प्रदेश व जिले मे आयोजित किया जा रहा है। स्त्री एवं प्रसूति रोगों को दूर करने के लिए सभी जिला अस्पताल, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों व सीएचसी-पीएचसी पर स्वास्थ शिविर लगाए लगाए जा रहे है इनमें जहां खास तौर पर न केवल महिलाओं की जांच होगी, बल्कि पूरा फोकस उसके निदान पर रहेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को सशक्त बनाना है।

जिला प्रमुख ने स्वच्छता ही सेवा अभियान पर भी प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक मनाया जाएगा। इस राष्ट्रीय अभियान में जिले के सभी सरकारी विभाग, नागरिक और जन-प्रतिनिधि मिलकर सक्रिय भूमिका निभाएंगे। विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, गतिविधियाँ चलाए जाएंगे।

जिले में स्वच्छता के प्रति जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी से स्वच्छता के सिद्धांतों को बढ़ावा देने हेतु उत्सव के रूप में मनाना है। जिसका उद्देश्य पर्यावरण अनुकूल और शून्य अपशिष्ट समारोह के लिए मानक स्थापित करना है। अभियान स्वच्छोत्सव की थीम पर मनाया जायेगा। कार्यक्रम के अन्त मे सभी प्रतिभागियो ने स्वच्छता ही सेवा की शपथ ग्रहण की।

**गतिविधियां, स्क्रीनिंग और जांच-उपचार से लेकर जागरूकता भी**

डॉ चैधरी ने बताया कि शिविरो मे गैर-संचारी रोगों, कैंसर, एनीमिया, टीबी और सिकल सेल एनिमिया स्क्रीनिग, मासिक धर्म स्वच्छता और पोषणसंबंधी जागरूकता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और एएनसी जांच, समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर (ओरल, बेस्ट, सर्वाइकल) की स्क्रीनिंग, महिलाओं-किशोरियों-किशोरियों में एनीमिया की जांच व परामर्श, वल्नरेबल समूह में टीबी जांच, आदिवासी क्षेत्रों में सिकल सेल एनिमिया की जांच, परामर्श और बच्चों का टीकाकरण, मातृ एवं शिशु देखभाल, प्रसव पूर्व-पश्चात जांच, बच्चों का टीकाकरन, एमसीपी कार्ड का वितरण, टीबी मरीजों को गोद लेने और टीबी उन्मूलन के लिए समाज को जोड़ने का प्रयास, टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य के लिए निक्षय मित्र, मासिक धर्म स्वच्छता, प्रजनन स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े सत्र, हाइजीन के प्रति जागरूकता, खाद्य तेल और चीनी के उपयोग में कमी के लिए जागरूकता, पोषण परामर्श और हेल्थ वैलनेस सत्र, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत रजिस्ट्रेशन, आयुष्मान कार्ड बनाना, एनसीडी-कैसर स्क्रीनिंग, एमसीपी कार्ड वितरण, प्रसव पूर्व पश्चात देखभाल आयुष सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही टीबी के मरीजों को पोषण हेतु निक्षय किट का वितरण किया गया। चिकित्सा संस्थानों में अभियान के तहत किसी एक दिन विशेषज्ञ चिकित्सकों स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी, दंत चिकित्सक, फिजिशियन और आयुष चिकित्सक की उपलब्धता रहेगी। अन्य दिनों में सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ताकि आने वाली महिलाओं को इस अभियान का पूरा लाभ दिया जा सके।

## सेवा पखवाडां के तहत भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया





खबरों की दुनिया

**बनेठा।** उपतहसील मुख्यालय पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत बनेठा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जय भगत सिंह गौशाला में जाकर गौ माता को चारा खिला कर सेवा की गई।

यह अभियान न केवल शहरी और ग्रामीण बल्कि दोनों क्षेत्रों के समग्र विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण पहल है। यह प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत और गौसेवा के संकल्प को भी साकार करता है।

इस दौरान ककोड़ देहांत मंत्री ललित कुमार जैन, पंचायत समिति सदस्य नरेंद्र सैनी, बूथ अध्यक्ष गोपाल लाल रैगर, बूथ अध्यक्ष रामसहाय सैनी, बूथ अध्यक्ष सत्य नारायण पाटीदार, रामसहाय मीणा, जयराम मीणा, फूदी लाल पटेल, कन्हैया लाल सैनी, लोकेश जैन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 'विकास दिवस' को युवाओं में दिखा जोश और संकल्प



खबरों की दुनिया

**टोंक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत टोंक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रेरणादायक कार्यक्रम 'विकास दिवस' का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान डाइट रोड, टोंक में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रिंसिपल राम प्रसाद मीना रहे।

जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच, विकास योजनाओं और युवा शक्ति पर विश्वास को रेखांकित करते हुए युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

माय भारत टोंक कार्यालय के लेखा कार्यक्रम एवं सहायक रोहिल कुमार कट्टा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की एवं अनेक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उन्होंने उपस्थित युवाओ से कहा कि युवा अपने विचारों से यह स्पष्ट किया कि वे देश के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित हैं। कार्यक्रम में संवाद, विचार-विमर्श, प्रेरणादायक भाषण एवं सामाजिक सरोकारों पर चर्चा हुई।

'विकास दिवस' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह युवाओं के आत्मबल, सेवा-भाव और नेतृत्व क्षमता को सशक्त करने का एक कदम था। इस अवसर पर युवाओं ने यह संकल्प लिया कि वे प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के विज़न को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान करने एवं अधिक से अधिक युवाओं के रक्तदान हके लिए पंजीयन कराने का आव्हान किया साथ ही विकसित भारत युवा संवाद क्विज प्रतियोगिता में अधिक से अधिक युवाओं के माय भारत पोर्टल पर पंजीयन करने की अपील की। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे विजेताओ को सम्मान चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

## 88 वर्षीय चिन्मय सागर, आचार्य संघ सानिध्य में अतिशय क्षेत्र टोंक में पंचतत्व में लीन







खबरों की दुनिया

**टोंक।** तेरी छत्रछाया भगवन मेरे सिर पर हो, मेरा अंतिम मरण समाधि तेरे दर पर हो बिरले आत्मा जो धर्मात्मा बन कर वैराग्य धारण कर दीक्षा संयम के मंदिर पर संलेखना का कलशारोहण कर परमात्मा बनने की राह पर अग्रसर होते हैं। अनेक साधुओं की जन्म भूमि, दीक्षा भूमि, समाधि भूमि टोंक में मुनि चिन्मय सागर का 16 सितंबर शाम को समाधि मरण होने से विमानयात्रा चकडोला 17 सितंबर को प्रातः 6 बजे निकाला गया। दिन रात मेरे स्वामी, में भावना यह भावु। देहांत के समय मे तुमको न भूल जावू।मरण समय गुरु पाद मूल हो संत समूह रहे, पंडित मरण हो ऐसा अवसर दो। इन सारगर्भित भावनाओ को बिरले ही भव्य जीव अपने जीवन मेचरितार्थ करते है। चतुर्थ पट्टाधीश आचार्य अजितसागर से वर्ष 1989 में दीक्षित 88 वर्षीय उदयपुर निवासी मुनि चिन्मय सागर ने आचार्य वर्धमान सागर से निवेदन कर 13 सितंबर को चारों प्रकार के आहार का त्याग कर यम संलेखना ग्रहण की। आचार्य वर्धमान सागर के श्रीमुख से अरिहंत सिद्ध सुनते हुए 16 सितम्बर को समाधिमरण हुआ क्षपक समाधिस्थ मुनि चिन्मय सागर का डोला विमान यात्रा वात्सल्य वारिधि पंचम पट्टाधीश आचार्य वर्धमान सागर संघ सानिध्य में निकाली गई। मुनि के डोले के आगे कमंडल लेकर भूमि शुद्धि का सौभाग्य परिजनों को प्राप्त हुआ। कंधे लगाने का सौभाग्य परिजनों के साथ समाज को प्राप्त हुआ वैराग्य दर्शन समाधिस्थल परिसर में मंत्रोचार से स्थल शुद्धि की गई। मुनि की पूजन, शांतिधारा, पंचामृत अभिषेक उल्टेक्रम से प्रतिष्ठाचार्य पंडित हंसमुख धरियावद के कुशल निर्देशन में गृहस्थ अवस्था के पुत्रों ओमप्रकाश, नरेंद्र, ईश्वर स्वाधीन सरला, उषा, दीपिका, आशा, सरला, उषा, दीपिका, एवं भौंरावत परिवार द्वारा किया गया। पुण्यार्जक परिवार द्वारा दान राशि की घोषणा की गई। इस अवसर पर आचार्य ने बताया कि उत्कृष्ट समाधि होने पर समाधिस्थ जीव अगले दो भव जन्म से 8 भव में निश्चित मोक्ष जाते हैं राजेश पंचोलिया इंदौर ने बताया कि उदयपुर के श्रीजी ने उदयपुर में मुनि दीक्षा आचार्य अजित सागर के सिद्धहस्त करकमलों से हुई आपका नाम चिन्मय सागर जी किया गया। दीक्षा गुरु की वर्ष 1990 में समाधि के बाद से आप आचार्य वर्धमान सागर के संघस्थ है 36 वर्ष के संयमी जीवन में हजारों उपवास भी किए विगत 6 माह से सभी अनाज का त्याग कर एकांतर से आहार ले रहे थे। ऐसा लगता हैं कि आचार्य वर्धमान सागर द्वारा घोषित अतिशय क्षेत्र अब निर्वाण सिद्ध भूमि हो गया हैं जबसे आचार्य का चातुर्मास 55 वर्षो के बाद हुआ हैं तबसे अनेक धार्मिक अनुष्ठान की धर्म रूपी गंगा कुआं स्वयं प्यासे के पास आ गया हो। समाज प्रवक्ता पवन कंटान एवं विकास जागीरदार ने बताया की मुनि चिन्मय सागर महाराज के समाधि मरण के पश्चात जैन नसिया में रात्रि भर णमोकार महा मंत्र का पठन किया गया सकल जैन समाज एवं वर्षायोग समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में टोंक नगर के अतिरिक्त निवाई, जयपुर, बोली, टोड़ारायसिंह, किशनगढ़, धरियावद पारसोला उदयपुर, इंदौर, असम, गोहाटी कलकत्ता सनावद मंगाना, देवली, मालपुरा आदि राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि राज्यों से अनेक नगरों से 5000 से अधिक भक्त पधारे। संपूर्ण टोंक जैनमय हो गया। आचार्य वर्धमान सागर संघ की विगत माह सहित दूसरी समाधि हुई है।

इस मौके पर सरोज बंसल, नरेश बंसल, लक्ष्मी देवी जैन, बीना छामुनिया, टोनी आड़रा, नंद लाल संघी, मोहन लाल छामुनिया, प्रबंध समिति के अध्यक्ष पदमचंद आड़रा मंत्रीमहावीर प्रसाद देवली उपाध्यक्ष नरेंद्र फागी वात्सल्य वारिधि वर्धमान वर्षायोग समिति के अध्यक्ष भागचंद फुलेता कार्यकारी अध्यक्ष धर्मचंद दाखिया, मंत्री राजेश सर्राफ राजेश बोरदा, सुरेश संघी, पप्पू नमक, कमल सर्राफ, विनोद सर्राफ, नीटू छामुनिया सुमित दाखीया, अमित छामुनिया विनायक कल्ली सीटू त्रझ, संजय संघी, पारस संघी, उमेश संघी, ओम ककोड़, मुकेश बरवास, ऋषभ नमक, अक्षत आड़रा, गौरव टोरडी, सोहम कँटान, आदि लोगों मौजूद रहे।

## उपखण्ड मजिस्ट्रेट अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र जारी करें : कल्पना अग्रवाल

खबरों की दुनिया

**टोंक।** आतिशबाजी की अस्थाई दुकानों के लिए विस्फोटक नियम 2008 के नियम 84 के तहत त्यौहारों के दौरान 15 दिवस का अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र जारी किये जाने का प्रावधान है। जिला मजिस्ट्रेट कल्पना अग्रवाल ने जिले के सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेट को अपने अपने उपखण्ड क्षेत्र में अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र जारी किये जाने के लिए अधिकृत किया है। साथ ही निर्देश दिये हे कि वह नियम 85 एवं 86 में अंकित प्रावधानों के तहत दीपावली पर्व को लेकर अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र जारी किया जाना सुनिश्चित करें।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोंक**

क्रमांकः 3831-3839 दिनांकः 11/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः 13/2025-26 खण्ड टोंक**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड टोंक में सडक निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'ए' एवं 'एए', 'बी', 'सी', 'डी' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB No- PWD2526A3222
UBN No- PWD2526WSRC12055, PWD2526WSRC12057

DIPR/C/13621/2025

अधिशासी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोंक

# कहकशां से क्रोध तक: प्रकृति का रौद्र रूप और मानव की पीड़ा!



सुनील कुमार महला
लेखक

मानव की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है और आज मानव अपनी इच्छाओं, लालच और सुविधाओं की अंधी दौड़ में प्रकृति के संतुलन को लगातार बिगाड़ता चला जा रहा है और इसका परिणाम मानव को किसी न किसी रूप में भुगतना पड़ रहा है। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई, अनियंत्रित विकास कार्य, खनिजों व जल का अंधाधुंध दोहन,अधिक ऊर्जा का उपयोग, जीवाश्म ईंधनों का दहन, वन्यजीवों का विनाश, अनियंत्रित मानवीय गतिविधियां आदि कुछ कारण हैं,जो प्रकृति का विनाश कर रहे हैं।प्रकृति से खिलवाड़ के दुष्परिणाम यह हो रहें हैं इससे धरती पर विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि, स्वास्थ्य समस्याएँ जैसे अस्थमा, एलर्जी, कैंसर आदि, जल संकट और खाद्य संकट, मानसिक तनाव और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के साथ ही साथ जैव विविधता का नुकसान हो रहा है। यदि यूं ही सब चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं, जब मानव कहीं का नहीं रहेगा।इस साल 5 अगस्त 2025 को उत्तरकाशी के धराली और सुक्खी टॉप में बादल फटने की घटना हुई।बादल फटने के कारण यहां मूसलधार बारिश हुई, जिससे भारी बाढ़ आई और इस त्रासदी में कम से कम 5 लोगों की मृत्यु, 50 से अधिक लोग लापता, 40-50 घर और 50 होटल बह गए।

इसी प्रकार से थराली, चमोली में भी 23 अगस्त 2025 को रात के समय बादल फटने से मूसलधार बारिश हुई, जिससे मलबे के साथ बाढ़ आई, जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु, एक व्यक्ति लापता तथा कई घर, दुकानें और सड़कें मलबे से प्रभावित हुईं। इसके बाद देहरादून के सहस्त्रधारा और मालदेवता में 16 सितंबर 2025 को बादल फटा। जानकारी के अनुसार वहां रातभर की मूसलधार बारिश के कारण बादल फटा, जिससे बाढ़ आई और इससे कम से कम 4 लोगों की मृत्यु, 16 लोग लापता, कई दुकानें और वाहन बह गए।यह भी खबरें आईं हैं कि टोंस नदी में बहने से 15 मजदूरों की मौत हो गई।इसी दिन हरिद्वार, टिहरी और नैनीताल में भी मूसलधार बारिश के कारण नदियाँ उफान पर आ गईं, और कई स्थानों पर भूस्खलन और जलभराव हुआ, जिससे कई सड़कें अवरुद्ध हो गई, फसलों और घरों को नुकसान पहुंचा, तथा कई लोग फंस गए। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि हिमालयी क्षेत्र में बार-बार बादल फटने की घटनाएं हो रहीं हैं।यह दर्शाता है कि आज मानसून की प्रकृति में पहले की तुलना में काफी बदलाव आ चुके हैं और यह कहीं न कहीं जलवायु परिवर्तन का प्रभाव है।इस साल हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पंजाब समेत देश के विभिन्न राज्यों में प्रकृति का प्रकोप देखने को मिला और यह अचानक से हुई घटनाएं नहीं हैं, अपितु कहीं न कहीं मानव को प्रकृति का एक संकेत है कि यदि हम अभी भी नहीं संभले तो आने वाले समय में हमें प्रकृति के और भी रौद्र रूप का सामना करना पड़ेगा।

दरअसल, पहाड़ी क्षेत्रों में पहाड़ों से टकराकर हवा ऊपर उठती है। इससे नमी तेजी से संघनित होती है और छोटे क्षेत्र में अधिक पानी जमा हो जाता है। यही बादल फटने का बड़ा कारण है। अत्यधिक नमी और गर्म हवा का मिलना, हवा का संतुलन बिगड़ना, जलवायु परिवर्तन तथा वनों की कटाई और निर्माण बादल फटने के अन्य कारण हैं। हाल ही में देहरादून में अतिवृष्टि से तमसा, कारलीगाड़, टोंस व सहस्त्रधारा में जलस्तर बढ़ने से आसपास के घरों और दुकानों इत्यादि में एकाएक पानी तर गया। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार ऋषिकेश की चंद्रभागा नदी भी उफान पर है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस साल देहरादून में सितंबर में हुई बारिश ने बीते कई दशकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, और इस बार पूरे उत्तराखंड में आसमान से आफत बरसाने में मानसून ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। पाठकों को बताता चलूं कि इस साल यानी कि 2025 में भारत में मानसून सीजन (जून से सितंबर) में सामान्य से अधिक बारिश हुई है, जो दीर्घकालिक औसत का लगभग 105 प्रतिशत रही है।

हालांकि,बारिश की मात्रा राज्य दर राज्य भिन्न रही है, लेकिन पहाड़ी राज्यों में भारी बारिश ने कहर बरपाया है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में प्री-मॉनसून अवधि (1 मार्च से 31 मई) में 185.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 42प्रतिशत अधिक थी। जानकारी के अनुसार जून 2025 महीने में 180 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य 165.3 मिमी से 8.89प्रतिशत अधिक थी।इसी प्रकार से अगस्त 2025 के दौरान दिल्ली में 400.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य 233.1 मिमी से 72प्रतिशत अधिक थी। पंजाब और हरियाणा का हाल किसी से छिपा नहीं हुआ है कि वहां पर किस कदर बारिश ने कहर बरपाया है। राजस्थान भी भारी बारिश का शिकार बना। आंकड़े बताते हैं कि 1 जून - 14 सितंबर 2025 तक पंजाब में 617.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य 409.7 मिमी से 51प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में हरियाणा में 145प्रतिशत अधिक वर्षा हुई, जो सामान्य 409.7 मिमी से अधिक है।राजस्थान में इस अवधि में 436.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य 435.6 मिमी से अधिक है। सच तो यह है कि 2025 में भारत में बारिश की अत्यधिक घटनाएँ मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन, मानसून की अनियमितता, और अन्य मौसमीय कारकों के संयोजन के कारण हुईं। विशेषकर पंजाब, हरियाणा, और राजस्थान में यह स्थिति अधिक गंभीर रही, जिससे व्यापक बाढ़, फसल क्षति, और जनजीवन प्रभावित हुआ।

मैदानी क्षेत्र तो मैदानी क्षेत्र, पहाड़ों को बारिश ने बुरी तरह से प्रभावित किया। दरअसल, हिमालयी क्षेत्र की भौगोलिक बनावट और नाजुक पारिस्थितिकीय तंत्र इस क्षेत्र को प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाते हैं।

मौसम विभाग ने हाल फिलहाल उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, पूर्वोत्तर राज्यों, कर्नाटक से लेकर तमिलनाडु तक भारी बारिश के दौर के जारी रहने की संभावनाएं जताई हैं। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि बादल फटने की घटनाएं भू-स्खलन और बाढ़ का कारण बनती हैं और साथ ही, स्थानीय समुदायों, बुनियादी ढांचे और आजीविका को भी भारी नुकसान पहुंचाती हैं। आज प्रकृति में निरंतर बदलाव आ रहें हैं और इसके लिए कहीं न कहीं मनुष्य और उसकी गतिविधियां जिम्मेदार हैं। अतः जरूरत इस बात की है कि हम प्रकृति का सम्मान करें,उसकी रक्षा व संरक्षण करें। इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे और जंगलों की रक्षा करनी होगी।

पानी और ऊर्जा का सावधानी से उपयोग करना होगा। प्रदूषण कम करने के लिए पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को अपनाना होगा। प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना होगा और प्लास्टिक के विकल्प तलाशने होंगे।

जैव विविधता की रक्षा में सहयोग करना होगा। इतना ही नहीं, सबसे बड़ी बात यह है कि हमें जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता फैलानी होगी। वास्तव में उत्तराखंड, हिमाचल इत्यादि राज्यों में जो दृश्य हाल के दिनों में दिख रहे हैं, वे एक चेतावनी हैं कि हमारी नीतियां और तैयारियां, दोनों ही इस खतरे के सामने अपर्याप्त हैं। इस वर्ष समय से पहले आए मानसून ने हिमालय से सटे राज्यों के अलावा पंजाब जैसे मैदानी क्षेत्रों और देश की राजधानी समेत आसपास के क्षेत्रों को भी नहीं बख्शा। लिहाजा इन आपदाओं से निपटने के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक उपायों की आवश्यकता है। इतना ही नहीं, हमें मौसम पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को भी अधिक मजबूत बनाने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। आपदा प्रबंधन और प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास पर भी हमें ध्यान देना होगा। इतना ही नहीं, स्थानीय जनता को मौसम विभाग की भविष्यवाणी और सूचनाओं के प्रति जागरूक बनाने के लिए बहुस्तरीय प्रयास किए जा सकते हैं।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी को सरल भाषा में समझाकर साझा किया जाए, ताकि आमजन सतर्क हो सके। साथ ही साथ गलत सूचनाओं को तुरंत खंडित करने के लिए प्रशासन और मीडिया के बीच समन्वय स्थापित होना चाहिए। पंचायत, नगर निगम, स्वयंसेवी संगठन, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को जागरूकता अभियान में शामिल किया जाना चाहिए। हिमालयी क्षेत्र में निर्माण गतिविधियों पर भी स्थानीय प्रशासन और लोगों को अपनी नज़र रखनी होगी, क्यों कि अवैध निर्माण के कारण अनेक प्रकार की दिक्कतों और परेशानियों का सामना स्थानीय जनता को करना पड़ता है।ताजा आपदा हमें यह याद दिलाती है कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ की कीमत बहुत भारी हो सकती है। हमें यह चाहिए कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करें और प्रकृति के नियमों का सम्मान करें। हमें यह चाहिए कि हम विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों काआवश्यकता अनुसार उपयोग करें, न कि असीमित दोहन।

वन, जल, मिट्टी, हवा, पशु-पक्षी सबकी रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य और जिम्मेदारी है।विकास करते समय हम पर्यावरणीय संतुलन का ध्यान रखें और अपनी जीवनशैली को प्रकृति अनुकूल बनाना सीखें, तभी वास्तव में हम प्रकृति के रौद्र रूप से बच सकते हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

# राष्ट्रों के सामरिक विवादों से भविष्य में आर्थिक परेशानियां, शांति प्रयासों की असफलता



संजीव ठाकुर
लेखक व चिंतक

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।युद्धों की परिणति से विश्व में आर्थिक विषमताएं तथा असमानताएं बढ़ती जा रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देश आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं इतिहास गवाह है कि युद्ध से कभी किसी का विकास नहीं हुआ और यह भविष्य की आर्थिक परेशानियों का बड़ा सबब रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है हजारों सैनिकों की आहुति चढ़ चुकी है। ताजा ताजा यूक्रेन ने 60 ड्रोन से रूस पर सबसे बड़ा हमला कर दिया और रूस के पास अब गोला बारूद की कमी होने लगी है। दूसरी तरफ इसराइल हमास युद्ध में ताजा खबरों के अनुसार लेबनान ने इसराइल पर बडा हमला करके अमेरिका के युद्ध विराम के प्रयासों पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।

युद्ध विराम के तमाम प्रयासों के बावजूद रूस यूक्रेन तथा इसराइल हमास युद्ध रोकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैं परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगे इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें है इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं।

उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं। रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं।

कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया की सेना अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास की ओर अग्रसर होकर लगातार समुद्र तथा उत्तर कोरिया की सीमा पर चक्कर लगा रही है। उत्तर कोरिया इसे अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के हमले के पूर्वाभ्यास की तरह आंकलन कर रहा है ।

उधर अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया अपने त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइलों का मुकाबला करने हेतु संयुक्त रुप से बैलेस्टिक मिसाइल निर्माण तथा प्रयोग के सहयोग के लिए सहमति दे चुके हैं।

इन तीनों देशों की संयुक्त तैयारी को देखते हुए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने रणनीतिक क्रूज मिसाइल के प्रायोगिक परीक्षण का निरीक्षण भी किया है।

अमेरिका तथा पश्चिमी देश हर उस देश का साथ देने को तैयार है जो मूल रूप से चीन, उत्तर कोरिया और रूस का विरोध करते हैं। अमेरिका में चूंकि वर्ष 24 में राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं ।

ऐसे में वर्तमान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो वाइडन को अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने के लिए और चुनाव जीतने के लिए एक बहुत बड़े मुद्दे की तलाश जरूर होगी और इसके चलते वह अपनी राजनीतिक साख को बचाने के लिए किसी भी देश से अपनी बादशाहत बचाने के लिए युद्ध कर सकते हैं और जाहिर है कि उनके किसी भी युद्ध में ब्रिटेन, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, इजरायल आंख मूंदकर साथ देने को तैयार होंगे।

इधर भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही चीन से परंपरागत दुश्मनी चली आ रही है दूसरी तरफ भारत रूस का अभिन्न मित्र भी है भारत परंपरागत रूप से रूस का समर्थन करते आया है या अलग बात है कि अमेरिका से उसके संबंध पिछले 10 सालों से काफी मधुर हो गए हैं और वह सदैव शांति का पक्षधर रहा है।

ऐसे मैं नवीन परिस्थितियों में रूस यूक्रेन युद्ध चीन ताइवान विवाद और उत्तर कोरिया की दक्षिण कोरिया के ऊपर अनावश्यक दादागिरी और अमेरिकी तथा नैटो देशों का खुलकर चीन रूस तथा उत्तर कोरिया के लिए विरोध पूरे विश्व में परमाणु हेतु की पूरी-पूरी पृष्ठभूमि तथा प्रस्तावना तैयार कर चुके हैं और यह भी संभावना होगी कि पाकिस्तान तथा खाड़ी के देश भी ऐसी परिस्थितियों में किसी भी संभावित विश्वयुद्ध में शामिल हो सकते हैं और यदि विश्व युद्ध होता है तो यह मानवता तथा पृथ्वी के लिए बड़ा ही विनाशक होगा हम सिर्फ कामना कर सकते हैं की युद्ध नहीं हर तरफ शांति ही शांति हो।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

### चौमूं में 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद 4 दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ समापन

## राइफल शूटिंग 14 वर्ष छात्र-छात्रा प्रतियोगिता के 9 छात्र व 9 छात्रा रही विजेता





### अर्नव कुमावत को गोल्ड मेडल, यश कुमार को सिल्वर मेडल व प्रिंस को ब्रांच मेडल देकर किया सम्मानित

**खबरों की दुनिया**

**चौमूं।** शहर जयपुर रोड स्थित अमन टावर मे इलाइट शूटिंग एकेडमी में संपन्न हुई 69वीं जिला स्तरीय 4 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता ने क्षेत्र को नए सितारे दिए हैं।

राइफल शूटिंग 14 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग में 9 छात्र व 9 छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से विजय हासिल की। इनमें चौमूं के अर्नव कुमावत ने गोल्ड, यश कुमार ने सिल्वर और प्रिंस ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने परिवार, गुरुजनों और पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता का आयोजन ए.एन. पब्लिक स्कूल और ए.एन. स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में हुआ, जहां कोचों की निरंतर मेहनत और खिलाड़ियों की कड़ी साधना रंग लाई। टूर्नामेंट ऑर्गेनाइजर सपना यादव व मुख्य अतिथियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

समारोह में एसएचओ प्रदीप शर्मा, डॉ. अशोक टोकस, डॉ. आरती टोकस, मोनिका चौधरी, के.एल. कुमावत और सुरेश यादव उपस्थित रहे। खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए खेल प्रेमियों का मानना है कि ये उभरते सितारे आने वाले समय में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर चौमूं और राजस्थान का नाम रोशन करेंगे।

सरकार की यह पहल, जिसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, सराहनीय कही गई। प्रतियोगिता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से प्रतिभाएं नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं।

## टीएमयू में पीएम के बर्थ-डे पर टीबी रोगियों को 126 पोषण पोटली वितरित



### कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन के संग-संग निदेशक प्रशासन अभिषेक कपूर ने टीबी रोगियों को पोषण पोटली देकर निःक्षय मित्र प्रोग्राम का किया श्रीगणेश, गोद लिए इन रोगियों को टीबी समाप्ति तक हर माह दी जाएंगी पोषण पोटली

**खबरों की दुनिया**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें बर्थ-डे पर 126 टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटलियां वितरित की गईं। कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने टीबी रोगियों को पोषण पोटली देकर निःक्षय मित्र प्रोग्राम का श्रीगणेश किया। इन पोषण पोटलियों में प्रोटीनयुक्त आहार जैसे- सोयाबीन, मूंगफली, गुड़, भुना चना, दलिया/सत्तू, बादाम आदि हैं। ये पोषण पोटली पेशेंट के इलाज कोर्स की समाप्ति तक दी जाएंगी। निदेशक प्रशासन अभिषेक कपूर ने भी पोषण पोटली बांटी। दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज लेक्चर थियेटर कॉम्प्लेक्स में निःक्षय मित्र समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के संग हुई। इस सुअवसर पर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, डीन एकेडमिक्स- मेडिकल प्रो. एसके जैन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, डब्ल्यूएचओ की कंसल्टेंट डॉ. रेनू डोफे, डीटीओ डॉ. नरेन्द्र कुमार कुरेचिया आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। टीएमयू हॉस्पिटल में आज से प्रधानमंत्री के आगामी जन्मदिन यानि 17 सितंबर 2026 तक हर माह 300 महिलाओं की निःशुल्क डिलीवरी योजना का शुभारम्भ भी हो गया है। संचालन जूनियर रेजिडेंट डॉ. मनीषा राजक ने किया।

मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह ने समारोह में बोलते हुए कहा, किसी भी मरीज के लिए दवा के संग-संग पौष्टिक आहार भी जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई, यह पोटली टीबी रोगियों के लिए हैल्दी डाइट साबित होगी।

साथ ही उन्होंने यशस्वी प्रधानमंत्री के विज़न स्वास्थ्य अभियान- स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार की चर्चा करते हुए कहा, नारी है तो हम हैं। प्रो. सिंह बोले, पुरूष समाज को भी नारी के स्वास्थ्य को लेकर फिक्रमंद रहना चाहिए। डीन एकेडमिक्स- मेडिकल प्रो. एसके जैन बोले, इस महायज्ञ में मेडिकल के यूजी और पीजी स्टुडेंट्स की भागीदारी शुभ संकेत है। वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा ने कहा, स्वस्थ राष्ट्र के लिए स्वस्थ समाज का होना जरूरी है।

प्रोग्राम में श्वांस रोग विभाग के एचओडी प्रो. मज़हर मकसूद, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की एचओडी प्रो. साधना सिंह, ऑब्स एवं गायनी विभाग की एचओडी प्रो. मनप्रीत कौर तहेलिया, पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी, पीडियाट्रिक विभाग की एचओडी प्रो. रूपा सिंह आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। दूसरी ओर नेशनल मेडिकल काउंसिल और मिनिस्ट्री ऑफ हैल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के दिशा-निर्देशों के अनुसार आज से 02 अक्टूबर तक स्वास्थ्य अभियान- स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत टीएमयू मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से स्वास्थ्य शिविर का भी शंखनाद हो गया है।

### बाल स्वास्थ्य संवर्धन हेतु स्वर्णप्राशन अभियान

## एमजेएफ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के द्वारा निःशुल्क स्वर्ण प्राशन एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**खबरों की दुनिया**

चौमूं। महात्मा ज्योतिबा फुले आयुर्वेद महाविद्यालय, चौमूँ के बालरोग विभाग के विशेषज चिकित्सकों के द्वारा ग्राम बलेखण स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वर्ण प्राशन एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 1 से 16 वर्ष तक के 65 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया एवं बच्चों को स्वास्थ के प्रति जागरूक किया। जिसमें बच्चों की साफ-सफाई का महत्व, संतुलित भोजन, पानी और स्वच्छता, व्यायाम और खेल, नशे से दूरी आदि के बारे में जानकारी दी गई।

शिविर प्रभारी डॉक्टर ज्योति जांगिड़ ने बताया की कॉलेज के पूर्वनियोजित वार्षिक कैलेंडर के अनुसार प्रति माह पुष्य नक्षत्र के दिवस 1- 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाता है। स्वर्ण प्राशन बच्चों के बौद्धिक विकास, शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ स्मरण शक्ति एवं पाचन शक्ति को बढ़ाता है। मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी खांसी, जुखाम बुखार आदि से भी बचाव करता है।



खबरों की दुनिया
एक नजर

## पीटीए-पीटीएम बैठक का हुआ आयोजन



खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** राजस्थान शिक्षा निदेशालय के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य के समस्त विद्यालयों में पीटीए-पीटीएम बैठक का आयोजन प्रार्थना सत्र के पश्चात में अभिभावक थान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें प्रखर राजस्थान 2 .0 के अन्तर्गत 'रीड एड थोन' के अन्तगर्त (मेरी किताब व मेरी कहानी) की प्रस्तुति कक्षा 3 से 5 के बच्चों के द्वारा हिन्दी का आरोह व अवरोह के साथ हिन्दी प्रखर रूप से मौखिक वाचन कर अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुति दी गई। बच्चों के द्वारा प्रखर रूप से हिन्दी पढ़ते हुए देख कर प्रसन्नता जाहिर की।

राष्ट्रीय वृक्षा रोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के सभी नामांकित कक्षा 1 से 5 तक के सभी बालकों को एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण करने के लिए वितरित किये गए। उक्त कार्यक्रम में सभी बच्चों ने अपने घर व खेत में एक पेड़ का माँ के लिए पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर शान्ति, राजकुमारी, वेद प्रकाश, बृजेश शर्मा उपस्थित थे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 का शुभारंभ

## रहेगें स्वच्छ तो बने रहेगें स्वस्थ : ए.एन.सोमनाथ



खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छोत्सव की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 व ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जानी है स्वच्छता शपथ, रैली, मानव श्रखला, प्रभात फेरी, कचरा संग्रहण वाहन को हरी झण्डी दिखाना, स्वच्छता श्रमदान, समस्त राजकीय विद्यालयों की प्रार्थना सभा में स्वच्छता की जानकारी देना (निबन्ध प्रतियोगिताएं आयोजित करना), एआईपी 2025-26 के अनुसार समस्त स्वीकृतियां जारी करना, स्वच्छता लक्षित इकाई (सीटीयू) मैपिंग करना (पुराने जमा कचरे को उठवाना), स्वच्छता की शपथ दिलाना, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने की शपथ दिलाना, भामाषाहों से कपड़े के थैले वितरित करवाना, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित करवाना इत्यादि गतिविधियां अभियान के दौरान आयोजित की जावेगी।

विरौंधा गांव में आयोजित कैम्प के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ द्वारा विद्यालय के बच्चों के साथ स्वच्छता पर चर्चा की गई एवं स्वच्छता की शपथ व स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया इसके उपरान्त विद्यालय के बच्चे, ग्रामीण एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा जिला परिषद व अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा रोड़ पर एकत्रित कचरे को उठाया गया एवं सफाई की गई एवं गांव में जाकर ग्रामीणजनों को स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग करने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी व सरपंच, एवं विद्यालय छात्र-छात्रा आदि उपस्थित रहे।

## पोषण माह की हुई शुरुआत

खबरों की दुनिया



**धौलपुर।** ग्रामीण सेवा शिविर पचगांव में महिला बाल विकास विभाग द्वारा आठवें राष्ट्रीय पोषण माह की जिला प्रभारी सचिव आशीष मोदी एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी द्वारा तीन बच्चों को प्रथम बार खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कर विधिवत शुरुआत की।

इस मौके पर उपखण्डाधिकारी धौलपुर साधना शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष पोषण माह 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

इस सम्बंध में विभाग के सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने बताया कि अष्टम पोषण माह की थीम स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान है जिसमें प्रमुख विषयों मोटापा कैसे कम करें, कम तेल कम चीनी का सेवन, प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा, पोषण भी पढ़ाई भी, शिशु एवं बाल आहार सम्बन्धी प्रथाएं, पुरुषों की भागीदारी, लोकल के लिए वोकल तथा अभिसरण कार्य व डिजिटलीकरण जैसे विषयों पर जागरूकता सत्र आयोजित करते हुए जन जागरूकता व संवेदनशीलता बढाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर विकास अधिकारी राजेश लवानियां, महिला पृ्यवेक्षक ममता जैन, पचगांव की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

**सैंपऊ में गढ़ी चटोला में दो बच्चों का अन्नप्राशन**

सैपऊ में ग्राम पंचायत गढ़ी चटोला में आयोजित शिविर में उपखण्डाधिकारी कर्मवीर सिंह ने दो बच्चों का अन्न प्राशन कर पोषण माह की शुरुआत की। उन्होंने इस सम्बन्ध में कहा कि पोषण अभियान प्रधानमंत्री महोदय की वृहद संकल्पना है। इसमें सभी विभाग भावी पीढ़ी के निर्माण हेतु अपनी भूमिका निभाए। इस मौके पर विकास अधिकारी रामबोल सिंह, तहसीलदार नाहर सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दिलीप सिंह एवं पंचायत के सभी केंद्रों की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# प्रभारी सचिव आशीष मोदी ने ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर का किया निरीक्षण

### लाभार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के दिए निर्देश

खबरों की दुनिया



**धौलपुर।** राज्य सरकार द्वारा शहरी व ग्रामीण नागरिकों को प्रदत्त सेवाओं के शीघ्र निस्तारण एवं जन समस्याओं के समाधान हेतु सेवा पर्व पखवाड़ा के अन्तर्गत 17 सितम्बर से शहरी सेवा शिविरों व ग्रामीण सेवा शिविरों का शुभारंभ हुआ। जिले में ग्रामीण सेवा शिविर के तहत उपखण्ड धौलपुर के पचगांव एवं उपखण्ड सैपऊ के गढ़ी चटौला तथा शहरी सेवा शिविर के तहत पंचायत समिति धौलपुर का जिला प्रभारी सचिव आशीष मोदी एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने अधिकारियों और कार्मिकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविर में पहुंचने वाले प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सरकार की मंशानुसार योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी रूप से दिया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग की स्टॉल पर पत्थरगढ़ी व सीमाज्ञान प्रकरणों के निस्तारण, नामांतरण के लंबित मामलों का निपटारा, रास्तों से जुड़ी समस्याओं का समाधान, विरासत का बंटवारे के प्रकरणों के बारे में जानकारी लेकर शीघ्र एवं अधिकतम निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने पीएचईडी को पेयजल टंकियों की सफाई और लीकेज मरम्मत के कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने एफ़एचटीसी के बारे में जानकारी लेकर ठेकेदार के माध्यम से सड़कों को दुरुस्त कराए जाने हेतु निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने जेवीवीएनएल को नए कनेक्शन शीघ्र जारी करने, वीसीआर प्रकरणों को निपटाने एवं विद्युत लाइनों के पास पेड़ पौधों की छंटाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा विभाग को पेंशन सत्यापन, नए आवेदन एवं दिव्यागों को डिजिटल विशिष्ट पहचान प्रमाण पत्र बनवाए जाने में सहायता करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नमो वन नमो पार्क योजना के तहत नरपुरा में पौधारोपण किया। फसल बीमा योजना के तीन लाभार्थियों को बीमा पॉलिसी का वितरण किया एवं मंगला पशु बीमा योजना के अन्तर्गत महिला पशुपालकों को बीमा पॉलिसी का वितरण किया।

प्रभारी सचिव एवं जिला कलक्टर ने ग्रामीण विकास, शिक्षा, कृषि, पशुपालन समेत अन्य विभागों की गतिविधियों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने एनएफएसए के लंबित प्रकरणों के निस्तारण, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी कराए जाने हेतु निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने ग्रामीणजनों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लें और पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने मृदा नमूना संग्रहण व मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, बीपीएल परिवारों का सर्वे, मंगला पशु बीमा में रजिस्टर्ड पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, लंबित नल कनेक्शनों का समाधान, पशुओं के टीकाकरण व उपचार, आयुष्मान कार्ड वितरण, और स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रवेशोत्सव जैसे कार्यों पर विस्तृत निर्देश दिए।

### 16 रोगियों को वितरित की निक्षय पोषण किट

शिविर में प्रभारी सचिव एवं जिला कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से टीबी मरीजों को निक्षय किट उपलब्ध कराने एवं उपचार के फॉलोअप करने के निर्देश दिए, ताकि टीबी रोगियों को पूर्ण स्वस्थ किया जा सके। इस दौरान उन्होंने 16 टीबी रोगियों को निक्षय किट प्रदान की। उन्होंने रोगी को नियमित उपचार कराने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आशा कार्यकताओं द्वारा दी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में उनसे जानकारी ली।

### सेवा पखवाड़े के दौरान रक्तदान शिविर का किया निरीक्षण

सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत पुराने जिला अस्पताल परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में जिला प्रभारी सचिव एवं जिला कलक्टर ने शामिल होकर रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान करना एक पुनीत कार्य है। रक्तदान कई जिन्दगियों को बचाने का कार्य करता है। सभी स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से आगे आकर रक्तदान करें। ताकि किसी जरूरतमंद को तत्काल राहत मिल सकें। शिविर में 39 यूनिट रक्त संकलन किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बारिश से नेशनल हाईवे संख्या 44 पर हुआ जलभराव, एनएचएआई द्वारा ध्यान नहीं देने पर बनी है समस्या



खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** मंगलवार को हुई बारिश से मनियां क्षेत्र में नेशनल हाईवे संख्या 44 पर जलभराव हो गया है। जिससे वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस मार्ग पर प्रतिदिन काफी संख्या में वाहनों की आवाजाही होती है। पानी भरने का कारण नालों की नियमित सफाई न होना और नई नाले नालियां न बनना है।

नेशनल हाईवे के किनारे बने नाले टूटे और अवरुद्ध हैं। इससे गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता रहता है।

मगर जिम्मेदार विभाग इस दिशा में कोई सुध नहीं ले रहा है और वहीं एनएचएआई भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे स्थानीय लोगों के साथ वाहन चालकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को हुई बारिश से मनियां में चहुंओर पानी ही पानी भर गया है।

मनियां कस्बे के बाजारों और गली-मोहल्लों में घुटनों तक पानी भर गया है। कई जगहों पर दो से तीन फीट तक पानी जमा है। हाईवे पर पानी जमा होने से वाहनों की गति धीमी हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे के दोनों तरफ बने नाले टूटे हुए हैं। एनएचएआई की ओर से इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण हाईवे और कस्बे में पानी भरने से घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने इस बारे में कई बार शिकायत की है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है जिस वजह से समस्या जस के तस बनी हुई है।

## ओजोन दिवस पर पर्यावरण स्वच्छता और पौधे लगाने का दिया संदेश

खबरों की दुनिया



**धौलपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय-विरौंधा में प्रधानाचार्य नीरज कुमार शर्मा के निर्देशन में 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि ओजोन परत पृथ्वी के वायुमंडल की एक परत है जिसमें ओजोन गैस की सघनता अपेक्षाकृत अधिक होती है। ओजोन परत के कारण ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। स्काउट एवं ईको क्लब प्रभारी ओमप्रकाश लोधा व्याख्याता ने बताया कि ओजोन परत हमारे ग्रह पृथ्वी के लिए अल्ट्रा वायलेट किरणों से एक सुरक्षा कवच का कार्य करती है। तभी धरती पर जीवन संभव है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1994 में मान्ट्रियल प्रोटोकॉल की याद में 16 सितंबर को ओजोन दिवस घोषित किया। विद्यालय विरौंधा में स्काउट गाइड के साथ साथ कक्षा 6वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों में ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में निबंध प्रतियोगिता शीर्षक-विश्व ओजोन दिवस 2025-विज्ञान से वैश्विक कार्यवाही तक विषय पर आयोजित करवाई गई। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पिंकी कक्षा-11, द्वितीय स्थान पर अल्फी कक्षा-11, तृतीय स्थान पर काजल कक्षा-9 की रही। भाषण प्रतियोगिता में अभिषेक प्रथम स्थान पर एवं द्वितीय स्थान पर पल्लवी चौहान रही।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर क्षमा शर्मा कक्षा-8, द्वितीय स्थान पर पूनम, तृतीय स्थान पर अल्फी रही। इस अवसर पर सभी स्टाफ, स्काउट गाइड एवं छात्रों आदि सभी को ओजोन परत संरक्षण करने, रोकथाम करने एवं जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुरेश चन्द अध्यापक ने किया।

इस अवसर पर रिषि प्रकाश अग्रवाल व्याख्याता, ओम प्रकाश व्याख्याता, हरिफूल व्याख्याता, उदयभानु सिंह, मंजू व्याख्याता, महेश चन्द लोधी व्याख्याता, अनिल प्रताप व्याख्याता, देवदत्त पाठक, प्रदीप कुमार, संजय शर्मा वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक, लोकेन्द्रसिंह, नारायन सिंह शर्मा, विनय कुमार शर्मा, राजवीर सिंह राजपूत, मेवाराम, राहुल कुमार पाठक, लोकेन्द्र पारस, रामहरी शर्मा, राजकुमार शर्मा, गजेन्द्र शर्मा, रिंकू एवं छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केन्द्र नंद घरों पर पोषण माह का आयोजन

खबरों की दुनिया



**राजाखेड़ा।** जेएसआई एवं वेदांता के सहयोग से संचालित बाल वर्धन परियोजना के अंतर्गत राजाखेड़ा ब्लॉक में आंगनबाड़ी केन्द्र नंद घरों पर पोषण माह का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीण समुदायों को संतुलित आहार स्वच्छता और कुपोषण उन्मूलन के विषय में जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पोषण स्तन पान के महत्व बताया। आंगनबाड़ी केंद्र नंद घरों पर एक पेड़ मा के नाम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भगवान सिंह एवं फील्ड कोऑर्डिनेटर दीपक शर्मा, हेमंत जैन, पवन, मेघा, राखी झा, सुनील, राजा जोनी, संतोष त्यागी, गिरीश शर्मा, रंजीत गिरी अनीस एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, सहायिका आदि उपस्थित रहे।

*वोट चोर- गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की जिला स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन*

## आम व्यक्ति तक जागरुकता चलाया जाएगा अभियान : अजीत यादव

खबरों की दुनिया



**धौलपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला स्तरीय बैठक के मुख्य अतिथि संगठन प्रभारी अजीत यादव रहे। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने की। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त हस्ताक्षर अभियान प्रभारी अभिमन्यु सिंह भदोरिया, विधायक रोहित वोहरा, विधायक शोभा रानी कुशवाहा, विधायक संजय जाटव, प्रत्याशी प्रशांत परमार, विधानसभा सभा प्रभारी हुक्म मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री मौजूद रहे।

जिला प्रभारी संगठन अजीत यादव ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर अभियान 15 सितंबर से 15 अक्टूबर जिले को गांवों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा उन्होंने कहा कि इस अभियान को ब्लाक ओर बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोर-गद्दी छोड़ का नारा दिया है इसी नारे को लेकर राजस्थान के आम व्यक्ति तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

विधायक रोहित वोहरा ने कहा कि आम व्यक्ति तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और बूथ स्तरीय कार्यकर्ता को अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करना है। विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने कहा कि यह सरकार वोट चोरी करके बनी है उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर तक अभियान को चलाया जाएगा। विधायक संजय जाटव ने वोट चोरी को विस्तार से समझाया और कहा कि हमको सतर्क रहते हुए इसको रोकना होगा।

जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री ने कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अमित मुद्गल, धमेंद्र शर्मा, मूला सिंह तोमर, नवल सिंह, प्रधान नागेस कुशवाहा, रामहेत कुशवाहा, सुआलाल जाटव, जनक सिंह, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा, सेवा दल अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती शिवहरे, रोशनी शिवहरे, शबनम खान, बैजयंती देवी, शालिनी शर्मा, धमेंद्र दिनकर, एस सी विभाग अध्यक्ष दर्शन लाल, बद्री प्रधान शंकर सिंह, प्रसाद जाटव बसेड़ी, शिवनारायण गोस्वामी बसेड़ी, वीरेंद्र सिंह जदोन सरपंच, नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन, सरपंच राजेश शिकरवार, शहजाद जलमानी, जगदीश प्रसाद, राम अवतार शर्मा, धनीराम, ब्लाक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा, राजेंद्र पोसवाल, राजीव मीणा, नगर अध्यक्ष सैफ खां, रोशनी शिवहरे, शबनम खान, नगर अध्यक्ष बनवारी लाल जाटव, सुलेमान फारुकी, विवेक शर्मा, आनंद शर्मा, सद्दाम खान संदीप कंसाना, तेताल सिंह, अभिषेक यादव, दीपक सक्सेना, पार्षद ब्रजराज सिंह, सत्यवान बैंसला अतुल भार्गव, धीरू धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे। संचालन प्रवक्ता धनेश जैन ने किया।

## एसीबी ने जयपुर डिस्कॉम के एक लाइनमैन को किया ट्रैप, 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



खबरों की दुनिया

**बसेड़ी।** करौली एसीबी ने बसेड़ी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए जयपुर डिस्कॉम के एक लाइनमैन को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी लाइनमैन ने घरेलू बिजली कनेक्शन का मीटर बदलने और उसकी रीडिंग को शून्य करने के एवज में यह राशि मांगी थी।

लोकेश कुमार मीना लाइनमैन जो नयावास फीडर, बसेड़ी कार्यालय सहायक अभियंता (ओ एंड एम) जयपुर डिस्कॉम, धौलपुर में कार्यरत है। एसीबी करौली इकाई ने 17 सितंबर 2025 को नगर पालिका बसेड़ी में परिवादी से 4 हजार रुपए लेते हुए उसे पकड़ा। रिश्वत की यह राशि लोकेश कुमार मीना की शर्ट की जेब से बरामद की गई।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्यवाहक महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी चौकी करौली को एक शिकायत मिली थी। इसमें परिवादी ने बताया कि उसके पिता के नाम पर स्वीकृत घरेलू विद्युत कनेक्शन के मीटर की रीडिंग को शून्य करने और मीटर बदलने के लिए उससे 6 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी भरतपुर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेश सिंह के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक जगदीश भारद्वाज ने यह ट्रैप कार्रवाई की। इसी दौरान लोकेश कुमार मीना को परिवादी से 4 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। एसीबी द्वारा आरोपी से पूछताछ जारी है।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## पीएम मोदी के जन्मदिवस पर लगाए 75 पौधे



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर बुधवार को ग्राम पंचायत लुहारिया में सेवा संकल्प उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों और स्कूली विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर तालाब किनारे 75 छायादार फलदार पौधे लगाए। इस दौरान ग्रामीणों ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।

## विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** कारीगरों एवं शिल्पकारों द्वारा बुधवार को विश्वकर्मा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के साथ नेता कमलेंद्र सिंह हाडा रहे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा की सनातन धर्म में भगवान विश्वकर्मा का विशेष महत्व है। इस दौरान विधि विधान से कारीगरो शिल्पकारों ने अपने औजारों का पूजन किया।

## विश्वकर्मा जयंती पर हवन, पूजन का किया आयोजन



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** राणा प्रताप सागर विद्युत गृह में बुधवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर यज्ञ हवन और संगीतमय पूजा का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के लाल चंद मालवीय ने देवताओं को विभिन्न मन्त्रों के माध्यम से आमंत्रित किया।

अधिशासी अभियंता आशीष जैन ने सभी को शून्य दुर्घटना लक्ष्य के साथ अधिकाधिक विद्युत उत्पादन करने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में सहायक अभियंता गुरु प्रताप सिंह, नितिन शर्मा, मीना नागर, आर पी मीना, कनिष्ठ अभियंता राजेश गहलोत, रोहित अहीर, आशीष सुमन, सिद्धार्थ, शिव ओम मीना, संतोष, भूपेंद्र, भारतीय मजदूर संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सौरभ परिहार, स्थानीय अध्यक्ष रमेश गिरी, महासचिव राजकुमार, दयाल सिंह, हसन खान, प्रभु दयाल, राजमल, अनुज शर्मा, जगदंबा, जगदीश वर्मा, देव प्रकाश, जगदीश पंवार, शंकर सिंह, गणपत, नेन सुख, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी घनश्याम माली सहित तकनीकी कार्मिक, अनुबंधित कार्मिक मौजूद रहे।

## बीजोत्पादन कार्यक्रम का सक्षम टीम ने किया अवलोकन



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कृषि महाविद्यालय भुसावर के सैंधली फार्म पर ग्वार की किस्म आरजीआर-12-1 के बीजोत्पादन कार्यक्रम का सक्षम टीम ने अवलोकन किया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि अवलोकन टीम राजेश फौजदार उपनिदेशक, बीज प्रमाणीकरण, राजस्थान राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था भरतपुर, जगतपाल सिंह बीज अधिकारी राज सीड्स भरतपुर एवं फार्म इंचार्ज डॉ. एस. एल. यादव शामिल रहे। सक्षम टीम के निर्देशानुसार खेत से ग्वार के अन्य किस्म के पौधों को उखाडा गया। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि जो किसान स्वयं के खेत से शुद्ध बीज प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें अपने बीज वाले खेत से अन्य किस्म व फसलों के पौधें उखाडकर अलग कर देने चाहिए तथा खलियान, थ्रेसिंग व भण्डारण के दौरान भी ध्यान रखें कि बीज में अन्य किस्मों के बीजो का मिश्रण नही हो।

### किसान सम्मेलन मे डोटासरा, जूली, आंजना, बिधूड़ी भाजपा पर जमकर बरसे

# डबल इंजन की सरकारों को बताया विफल, भीड़ देख गदगद् हुए डोटासरा

### आंजना ने ली चुटकी, प्रदेश अध्यक्ष ने दी एक जाज़म पर आने की नसीहत

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बोराव मे आयोजित हुए किसान सम्मेलन संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मुख्य वक्ता रहे। जिनके बोराव पहुंचने पर रोड शो का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने एक दर्जन जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा कर नेताओं का भव्य स्वागत किया।

कार्यकर्ता जोश के साथ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेताओं को मंच पर लेकर आए। जहां कार्यक्रम संयोजक कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष पारस जैन ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाते हुए सरकार बनने पर समस्याओं का समाधान करने की बात कही।

कार्यक्रम की शुरुआत में प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व सांसद पूर्व कैबिनेट मंत्री अनुशासन समिति अध्यक्ष उदयलाल आंजना, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी का मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, 51 किलो का पुष्पहार पहनाकर, हाल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने सभी नेताओं का अभिवादन किया।





### भाजपा के मोरिये बुला रखे हैं : जूली

किसान सम्मेलन को राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी और राज्य की भजनलाल सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसान व्यापारी मजदूर युवा विद्यार्थी महिलाओं विरोधी सरकार है। झूठे वादे कर सत्ता हासिल की, किसान की आमदनी दुगनी करने की बजाय घटा दी गई। किसानों का कर्ज माफ नहीं किया, अब राज्य सरकार ना तो बिजली दे रही है, ना ही खाद, किसानों को नकली खाद मिल रही है। मंत्री जी ने नकली खाद बनाने वालों पर छापा मारा, लेकिन सरकार ने किसी पर कार्यवाही नहीं की। इस मानसून में कई लोगों की जान गई, किसानों की फैसले बर्बाद हो गई, लेकिन सरकार ने किसी को मुआवजा नहीं दिया। उन्होंने स्मार्ट मीटर पर तंज कसते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने आएंगे, बिजली नहीं आएगी, सिर्फ बिल आएगा, स्मार्ट मीटर लगाने आए तो भगा देना। जूली ने कहा कि सरकार किस भरोसे चल रही है पता नहीं, मुख्यमंत्री विधानसभा में होते हैं तो चीफ सेक्रेटरी प्रिंसिपल सेक्रेटरी गायब रहते हैं। सदन में मंत्री जवाब तक नहीं दे पाते, विपक्ष पर नजर रखने के लिए 18 लाख रु के कैमरे लगाए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार पर सरकारी नवरत्न कंपनियों को अपने उद्योगपति मित्रों को बेचने का आरोप लगाया।

### मेरे आने का मकसद आम जनता के आंसू पोछना है : डोटासरा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा आने का मकसद राज्य सरकार से परेशान आमजन के आंसू पोछना हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मनमुटाव दूर कर एक जाजम पर बैठकर कांग्रेस को मजबूत करने की नसीहत दी। प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा की सरकार की नाकामिया गिनाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पर्ची मुख्यमंत्री बताया। उन्होंने कहा किसानों का कर्ज कांग्रेस ने माफ किया, भाजपा ने किसानों को दर्द देने का काम किया। मनमोहन सिंह की सरकार की तारीफ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने ऐसे कानून बनाए जिसका फायदा आज तक देश की आम जनता को मिल रहा है। मोदी सरकार ने नोटबंदी, जीएसटी, वोट चोरी कर देश की जनता के साथ विश्वास घात किया है। डोटासरा ने कहा कि मोदी सरकार ने आरएसएस के लोगों को बैक डोर से एंट्री देकर बड़े पदों पर बैठने का काम किया है। राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी की वोट चोरी का खुलासा कर उनकी पोल खोली है। वही मनोहर थाना में विद्यालय भवन गिरने से मरने वाले बच्चों को मुआवजा नहीं देने, पीड़ित परिवारों से मुख्यमंत्री के नहीं मिलने पर भी सवाल खड़े किए।



### बिधूड़ी लोकप्रिय लेकिन खूब अन्याय किया : आंजना

किसान सम्मेलन को संबोधित करने मंच पर आए पूर्व सांसद पूर्व कैबिनेट मंत्री उदयलाल आंजना ने अपने संबोधन की शुरुआत में ही पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी पर चुटकी ली। उन्होंने कहा बिधूड़ी लोकप्रिय पूर्व विधायक है, लेकिन अन्याय खूब किया। मेरे साथ भी अन्याय किया, मेरी बात नहीं कहूंगा, यह सुनकर सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ताओं ने जमकर ठहाके लगाए। उन्होंने कहा कि में राजस्थान का तो नहीं, लेकिन चित्तौड़गढ़ जिले का बड़ा नेता हूं। किसान सम्मेलन में मौजूद भीड़ को देखकर आंजना गदगद नज़र आए। उन्होंने आगामी पंचायत राज एवं निकाय चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने का आह्वान किया। किसान सम्मेलन में मौजूद संख्या बल को देखते हुए उन्होंने कहा कि आमजन भाजपा सरकार से घबरा गई है। किसान सम्मेलन में मौजूद भीड़ को देखते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल के कार्यक्रम में लोग देखने को नहीं मिलते और यहां पांव रखने की जगह नहीं, यह बात बताती है कि आने वाले चुनाव में भाजपा का क्या हाल होगा।





### पुतला जलाकर बड़ा नेता बना दिया

किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री उदय लाल अंजना ने कहा कि कुछ लोगों ने किसान सम्मेलन का विरोध करते हुए उनका पुतला जलाया। उनके फोटो पर पांच जूते मारे, उन्होंने तंज करते हुए कहा कि मेरा पुतला जलाकर मुझे बड़ा नेता बना दिया। आगामी विधानसभा चुनाव में चित्तौड़गढ़ जिले की पांचो सीटे पार्टी को जीत कर दूंगा। किसान सम्मेलन को पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस जिला अध्यक्ष भेरूलाल चौधरी ने सभी का आभार जताया।

## निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कल्याणम करोती नेत्र संस्थान मथुरा द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर किरोड़ी लाल मित्तल स्मृति न्यास भवन में बुधवार को प्रातः 9 बजे से बजे तक लगाया गया। शिविर संयोजक अरविन्द मितल ने बताया कि मथुरा से डॉक्टर सुमित कुमार स्टाफ सदस्य कुमारी कविता, कुमारी नंदनी एवं पवन ने अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दीं।

शिविर में कुल 68 नेत्र रोगियों का ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन किया गया जिनमें से 09 का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। 09 में से 04 रोगी ब्लड प्रेशर एवं शुगर लेवल बढ़ा होने के कारण अनफिट घोषित किए गए तथा शेष 05 मरीजों को ऑपरेशन हेतु मथुरा के लिए अपने साथ में ले जाया गया। शेष 59 मरीजों को दवाई एवं परामर्श देकर संतुष्ट किया गया। यह शिविर माह की प्रत्येक 17 तारीख को लगाया जाएगा जिसमें मरीज को ऑपरेशन के लिए लाना ले जाना खाना पीना रहना तथा दवाइयां फ्री रहेंगी।

इस अवसर पर कमलेश कटारा, प्रतीक मित्तल एवं लोकेश अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

## पर्यावरण संतुलन के लिए सबसे अधिक पेड़ लगाना आज की आवश्यकता है : डॉ शैलेश सिंह

### मांढेरा के बोटैनिकल गार्डन में लगाए गए 1000 पेड़

खबरों की दुनिया

**डीग।** डीग की मांढेरा बन संरक्षित क्षेत्र में सेवा पर्व पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ शैलेश सिंह ने पौधारोपण कर के किया।

विधायक सिंह ने अपने संबोधन में पेड़ों को प्राण वायु ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्रोत बताते हुए पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने का आव्हान किया। उन्होंने बोटैनिकल गार्डन में कदम के पेड़ों का कम कुछ तैयार करने की आवश्यकता जताई।

इस दौरान वाटनिकल गार्डन में संभागीय वन संरक्षक भरतपुर पी. कथिरवेल के निर्देशन एवं उप वन संरक्षक भरतपुर के नेतृत्व में पीपल, बरगद, अर्जुन सेमल, बंगाली कदम एवं जामुन के 1001 पौधे रोपित किए गए। इस कार्यक्रम के तहत डीग जिले में 7000 पौधे रोपित किये जाने है। जिसमें कामा और सीकरी में 1000-1000 पौधे एवं 5000 पौधें डीग के बॉटनीकल गार्डन माढेरा में रोपित किये जाने प्रस्तावित है।



संभागीय मुख्य वन संरक्षक पी. कथिरवेल द्वारा बॉटनीकल गार्डन के विकास एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक पौधा माँ के नाम रोपित कर जीवन का संकल्प लिया।

इस दौरान उप वन संरक्षक संदीप चौधरी, क्षेत्रीय वन अधिकारी रामकरण मीणा वनकर्मी एवं बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा ग्रामीण मौजूद थे।

### ग्रामीण सेवा शिविर बन रहे भूमि निपटारों का माध्यम

## जमीन बंटी, रिश्ते जुड़े, आपसी सहमति से हुआ भूमि विवाद का निपटारा

खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** राज सरकार द्वारा 17 सितम्बर से ग्रामीण सेवा शिविर कैंप का आयोजन शुरू हुआ। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकरौदा के अटल सेवा केन्द्र में कैंप आयोजित किया गया। जिसमे ग्राम कछियारा विडार निवासी करनसिंह, दीवान सिंह, नवलसिंह, राजबहादुर पुत्रगण रामभरोसी जाति बघेल वगैरह द्वारा वर्षों पुराने पारिवारिक भूमि विवाद को सुलझाने के लिए आपसी सहमती से विभाजन हेतु कैंप प्रभारी श्रीमती वर्षा मीना उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया।

उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा द्वारा तुरंत मौके पर ही आवेदन का निस्तारण करने हेतु तहसीलदार राजाखेड़ा दीप्ति देव को आपसी सहमती से विभाजन प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देशित किया। तहसीलदार राजाखेड़ा द्वारा मौके पर ही भू.अ.निरीक्षक प्रदीप शर्मा एवं पटवारी रविन्द्रसिंह भगोर को बटवारा तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर ही राजस्व टीम द्वारा उक्त बटवारा तैयार कर स्वीकृत करवाया गया तथा बटवारा की मौके पर ही कृषकों को नकल दी जाकर लाभान्वित किया गया। उक्त त्वरित की गई कार्यवाही से कृषकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा मौके पर सभी कृषकों एवं उपस्थित ग्राम वासियों द्वारा राज सरकार तथा राजस्व टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर 2025 का शुभारंभ

# विधायक बहादुर सिंह कोली रहे मुख्य अतिथि

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** राजस्थान सरकार द्वारा आमजन को सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किये गये शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर-2025 का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। जहां शिविर में पहुँचे आमजन ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत करवाया।

नगरपालिका भुसावर अधिशाषी अधिकारी सुरेश मीणा ने बताया कि कस्बा भुसावर के अम्बेडकर पार्क पर वार्ड वाईज शहरी सेवा शिविर-2025 का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विधायक बहादुर सिंह कोली रहे। जबकि अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव द्वारा की गई।




विशिष्ट अतिथि के रूप में उपखण्ड अधिकारी राधेश्याम मीणा एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरज पाण्डेय ने भाग लिया।

कार्यक्रम में शहरी सेवा शिविर 2025 का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस दौरान शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि शिविर में अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन की शिकायतों का तुरन्त समाधान करने का कार्य करेंगे और कोई भी लाभार्थी शिविर से निराश होकर नही जाना चाहिए।

इस दौरान विधायक बहादुर सिंह कोली सहित अधिकारियों ने शिविर में लगाए गए स्टोलों का निरीक्षण कर विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

विधायक बहादुर सिंह कोली ने कहा कि आमजन को घर बैठे योजनाओं का लाभ देने के साथ समस्याओं का निराकरण के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान में सभी विभाग सक्रियता से भागीदारी निभाकर वार्ड बार समस्याओं को चिन्हित करें तथा आम जन को योजनाओं का लाभ देकर लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले नागरिकों का स्वास्थ्य जांच कर विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दें।

दूसरी ओर ग्रामीण सेवा शिविर के तहत भुसावर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अलीपुर में शिविर का आयोजन किया गया। जहां विकास अधिकारी जेपी बुनकर सहित शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर निस्तारण भी किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा ने शिविर का अवलोकन किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## विवेक विधा निकेतन में जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का समापन





खबरों की दुनिया

**टोंक।** विवेक विधा निकेतन में आयोजित जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का समापन समारोह गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा नेता विनायक जैन, उपजिला शिक्षा अधिकारी रामप्रसाद, पार्षद मुकेश सैनी, शिक्षा विभाग के कार्यक्रम प्रतिनिधि विनोद शर्मा, समाजसेवी पुनीत गुप्ता, विवेक विद्या निकेतन के निदेशक प्रदीप शर्मा एवं जूडो प्रतियोगिता के कोच बलवीर चौधरी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। 17 वर्ष आयु वर्ग में आयुष चौधरी (66 किग्रा.), मयंक चौधरी (70 किग्रा.), मीरज जाट (62 किग्रा.) और हर्षवर्धन बैसानी (45 किग्रा.) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 19 वर्ष आयु वर्ग में लवकुश गुर्जर (40 किग्रा.), समर्थ शर्मा (50 किग्रा.), अनन्त व्यास (66 किग्रा.) और अंकित लोढ़ा (82 किग्रा.) विजेता बने।

इस अवसर पर भाजपा युवा नेता विनायक जैन ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'हार और जीत जीवन के दो पहलू हैं। जीतने वाले खिलाड़ियों को मैं हार्दिक बधाई देता हूँ, वहीं जो खिलाड़ी हार गए हैं, उन्हें भी निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि असली जीत भागीदारी में है। जो खेल भावना से मैदान में उतरता है, वही सच्चा विजेता है।'

उन्होंने आगे कहा कि प्रतियोगिताओं से न केवल खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और अनुशासन विकसित होता है, बल्कि जिले का गौरव भी बढ़ता है।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्नेहलता शर्मा प्रिंसिपल ओमप्रकाश, मुकेश जैन, ब्रजराज शर्मा संस्था से और खेल जगत से जुड़े हुए हुए कई लोग मौजूद रहे।

## अग्रवाल सेवाकर्मी संगठन टोक द्वारा रविवार को उत्कृष्ट परिणाम देने वाली प्रतिभाओ का होगा सम्मान

खबरों की दुनिया

**टोंक।** अग्रवाल सेवा कर्मी संगठन की अध्यक्ष पदमा जैन ने बताया कि रविवार समय साय काल 7.30 बजे होटल राज मिडवे में अग्रवाल समाज की प्रतिभाएं जिन्होंने वर्ष 2025-26 में कक्षा 10 एवं 12 में 85 प्रतिशत स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है।

जिन्होंने इस वर्ष सीए, सीएस, एमबीबीएस जैसे प्रोफेशनल डिग्री प्राप्त की है, जिन्होने उच्च शैक्षणिक सस्थानों में उत्कृष्ट अंकों के आधार पर इस वर्ष प्रवेश लिया है या राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतियागिता में भाग लिया है। उनको समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जायेगा। अग्रवाल सेवाकर्मी संगठन के संयोजक नरेन्द्र जैन ने कहा कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरोज बंसल जिला प्रमुख टीक रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल समाज टोक के अध्यक्ष राजेन्द्र गोयल एवं विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी देवी जैन पूर्व सभापति, डॉ. अमित गुप्ता उपनिदेशक सहादत अस्पताल टोंक, नितेश कुमार जैन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी टोंक, राजीव बंसल उपाध्यक्ष अग्रवाल समाज, सुनिल आण्डग मंत्री अग्रवाल समाज टोंक, पीसी जैन लोकपाल जिला परिषद टोंक होंगे।

## वितरित ऋणों के सम्बन्ध मे आशार्थियों के लिए बजट घोषणा वर्ष 2025-26 मे ऋण चुकाने मे राहत हेतु एक मुश्त समाधान योजना

खबरों की दुनिया

**टोंक।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एंव विकास सहकारी निगम लि. द्वारा राष्ट्रीय निगमों की योजनाओं यथा एनएसएफडीसी (अनुसूचित जाति वर्ग) एनएसटीएफडीसी (अनुसूचित जनजाति वर्ग), एनएसकेएफडीसी, (स्वच्छकार वर्ग) एनएचएफडीसी (द्वियांगजन वर्ग) एंव एनबीसीएफडीसी (अन्य पिछडा वर्ग) को वितरित ऋणो के सम्बन्ध मे आशार्थियों के लिए बजट घोषणा वर्ष 2025-26 मे ऋण चुकाने मे राहत हेतु एक मुश्त समाधान योजना की घोषणा की गई है जो दिनांक 30 सितम्बर 2025 तक के लिए लागू है। अनुजा निगम के परियोजना प्रबंधक ने बताया कि इस योजना मे अतिदेय मूलधन राशि जमा कराने पर अतिदेय ब्याज एव शास्ति/पैनल्टी की राशि पर शत-प्रतिशत की छूट मिल सकती है। समस्त ऋणी 30 सितम्बर 2025 से पूर्व कार्यालय मे सम्पर्क कर 31 मार्च 2024 तक के समस्त ऋण अतिदेय मूलधन राशि इस कार्यालय में जमा करवाते है तो इस योजना का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अनुजा निगम, टोंक जिला परिषद् (ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ) परिसर द्वितीय तल, टोंक से सम्पर्क करें।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर नासिरदा में रक्तदान शिविर आयोजित

**देवली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर नासिरदा मंडल में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशाल रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। रक्तदान शिविर में विधायक राजेंद्र गुर्जर, प्रधान बनवारी जाट ने सम्मिलित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। यह अभियान न केवल रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों का जीवन बचाने का माध्यम है, बल्कि सेवा, एकता पर मानवता का प्रतीक भी है। भाजपा नासिरदा देहात मंडल अध्यक्ष नारायण धाकड़ ने बताया कि रक्तदान महादान है यह एक ऐसा उपहार है जो किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि कई जिंदगी को नहीं उम्मीद देता है। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, कुलदीप शर्मा, मनोज माहेश्वरी सहित आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मनाया










खबरों की दुनिया

**टोंक।** भाजपा जिलाध्यक्ष चौहान ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लंबी उम्र की कामना की। स्वच्छता ही सेवा के संकल्प के साथ स्वच्छता अभियान के अंतर्गत अस्पताल परिसर की साफ सफाई कर श्रमदान किया भी रखा गया एवं रक्तदान शिविर में नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 201 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के रक्त की एक-एक बूंद राष्ट्र के लिए है भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भाजपा कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा के रूप में जन-जन की सेवा के रूप में देशभर में धूमधाम से मना रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो कार्य लोगों ने सोचे भी नहीं होंगे वह कार्य नरेंद्र मोदी ने करके दिखाए हैं। नव भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहनीय है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि भारत के ऐसे सपूत ने इस मातृभूमि में जन्म लिया। उन्होंने भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए खुद को समर्पित कर दिया है। रक्तदान एक ऐसा दान है जो किसी की जीवनरेखा बन सकता है। यह निःस्वार्थ कार्य समाज को सशक्त एवं अनेकों जिन्दगियां बचाने का माध्यम है। प्रधानमंत्री ने अपने जीवन को राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर 'सेवा ही संकल्प' का मंत्र दिया है। मैं सभी रक्तदाताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस जीवनदायी पुण्य कार्य रक्तदान में सहभागी बनें।

हम सभी कार्यकर्ता ईश्वर से प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना करते हैं ताकि वे इसी प्रकार माँ भारती की सेवा करते रहें। इस अवसर पर जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, बबलू टैंकर, प्रधान काबरा, राजेश शर्मा, कार्यक्रम सह संयोजक राजेश मंगल, पंकज शर्मा, जिला मंत्री रामकिशन गुर्जर, हरिराम यादव, तरुण टिक्किवाल, राधेश्याम चावला, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, प्रवक्ता रत्तिराम पहाड़िया, विजय मालवानी, शिवसिंह मीणा, कार्यालय मंत्री ओमप्रकाश पांडे, सह कार्यालय मंत्री शम्भू शर्मा, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, सहप्रभारी हेमंत सैनी, सोशल मीडिया प्रभारी गणेश सैनी, सह प्रभारी बलवंत मराठा, आई टी संयोजक लोकेश गुप्ता, सह संयोजक आरव सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष नंदलाल छान, धर्मराज गुर्जर, भगवान सैनी, सुरेश काचरिया, कृष्ण गोपाल जाट, चरण सिंह चौधरी, पंकज पहाड़िया, मनीष सिसोदिया, शिवराज गोरा, नरेंद्र चोपड़ा, राजू माहेश्वरी, महावीर शर्मा, सुभाष सैनी, आंनद सौदा, कजोड़ जाजड़ा सुभाष सैनी, आशीष शर्मा, चौथमल विजय, हेमराज असवार, शंकर चौधरी, हनुमान बेरवा, बबीता सैनी, हसीन खान हेमंत चावला, सानू तिवारी, रानू तिवारी भवानी प्रजापत सहित अन्य मौजूद रहे।

## योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचे : भजनलाल शर्मा

खबरों की दुनिया





**टोंक।** मुख्यमंत्री निवास जयपुर में धोबी रजक समाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ बीजेपी जिला महामंत्री प्रभु बाड़ोलिया ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से स्नेहपूर्ण भेंट करके समाज के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल के साथ में राज्य सरकार द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे ऐतिहासिक निर्णयों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार सदैव समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी प्राथमिकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक पहुँचे। हमारी सरकार समाज के उत्थान और अंतिम पंक्ति तक विकास पहुँचाने के लिए निरंतर संकल्पबद्ध है।

## टोंक की पांच स्कूलों में प्रयोगशाला हेतु 3.38 करोड़ रूपये की स्वीकृति

खबरों की दुनिया

**टोंक।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा टोंक विधानसभा क्षेत्र के पांच विद्यालयों में भौतिकी, रसायन एवं जीवविज्ञान की प्रयोगशालाओं के निर्माण के लिए 3.38 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। टोंक के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट का आभार जताया है। स्कूल शिक्षा परिषद् की ओर से टोंक विधानसभा क्षेत्र के राउमावि अलियारी, राउमावि छान, राउमावि डारडाहिन्द, राउमावि लाम्बा एवं राबाउमावि न्यू टोंक में प्रयोगशाला निर्माण हेतु प्रति विद्यालय 67.50 लाख रूपये कुल 3.38 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये है। स्वीकृति जारी करवाने पर टोंक जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कांग्रेसजन सहित जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यालय संगठनों, शिक्षा समितियों ने पायलट का आभार जताया है। पीसीसी सचिव सउद सईदी, टोंक के जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, टोंक प्रधान सुनीता गुर्जर, जिला संगठन महासचिव दिनेश चौरासिया, सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद बेग, कैलाशी देवी मीणा एवं समस्त मण्डल कांग्रेस अध्यक्ष सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने पायलट का आभार व्यक्त किया है।

## बीजवाड़ विद्यालय में मेगा पीटीएम बैठक में प्रखर 2 पर चर्चा की

**देवली।** राउमावि बीजवाड में मेगा पीटीएम बैठक के दौरान छात्र छात्राएँ, अध्यापक, अभिभावक व जनप्रतिनिधि के साथ प्रखर 2 की बारह सप्ताह की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

रीड ए थान कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ धाराप्रवाह पठन कौशल का प्रदर्शन, मध्यान भोजन व्यवस्था एवं गुणवत्ता, स्वच्छता, गृहकार्य, वर्क बुक में अभ्यास पत्र कार्य, छात्र छात्राओं को नियमित विद्यालय भेजने पर चर्चा करते हुए सहयोग करने का आव्हान किया।

## 69वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन राउमावि सोहेला में

खबरों की दुनिया







**पीपलू।** जिला स्तरीय 17 वर्षीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन राउमावि सोहेला मे हुआ। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य लल्लू लाल शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता मे 37 टीमों के 413 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन के मुख्य अतिथि महेश शर्मा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी टोंक प्रारम्भिक शिक्षा नरेन्द्र सौगानी अति. ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पीपलू, शान्ति देवी प्रशासन पंचायत रामदास पूर्व सरपंच महेश शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि बुद्धि प्रकाश चौधरी रहे। संयोजक इकराम अली संयोजक ने बताया कि प्रथम स्थान पर वीर तेजा उच्च माध्यमिक विद्यालय लाम्बाहरि सिंह, द्वितीय स्थान पर राउमावि सुरिया एवं तृतीय स्थान राउमावि पीपलू रही। शा.शि. टीम मे मुकेश बोहरा, शिवराज चौधरी, भरत राज महेश शर्मा, साजिद अली, श्रवण कुमार, रामस्वरूप मीणा, महबूब अली, राम किशोर एवं स्थानीय व.शा.शि. दिव्या वर्मा सहित शा. शि. ने प्रतियोगिता को सफल बनाया।

भामाशाह के रूप मे लक्ष्मी नारायण गुर्जर, भंवर लाल चौधरी, गोपाल मीणा, बद्री लाल चौधरी, मोहन लाल जाट, प्रकाश चंद जाट, कैलाश गोरा, बृजमोहन गोयल, सीताराम, रामावतार मीणा, पोखर चौधरी, नवरतन शर्मा, रामकिशन गुर्जर, ऋषि राज चौधरी, विमल जैन, हनुमान जांगिड़, दिनेश जांगिड़ शैतान सिंह, पप्पू लाल भगवान चौधरी, रामगोपाल सहित विद्यालय स्टाफ एंव गणमान्य लोगों ने जन सहयोग से बच्चो को रोजाना स्वादिष्ट भोजन करवाया। सभी भामाशाहों का विद्यालय परिवार की ओर सम्मान किया गया।

*हमारी समस्याओं का करें समाधान, यह सरकार विफल है*

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों व आमजन ने जुलूस निकाल सौंपा ज्ञापन





खबरों की दुनिया

**मालपुरा।** मालपुरा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को पूर्व उप जिला प्रमुख अवधेश शर्मा के नेतृत्व में डाक बंगला से उपखंड अधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकालकर राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि नगरपालिका क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र में लोगो को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिनका समाधान प्रशासन के द्वारा त्वरित रुप में नहीं किया जा रहा है जिससे नगर पालिका क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र की समस्त जनता परेशान है। ज्ञापन में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिलवाने, ग्रामीण व नगरपालिका क्षेत्र में सड़को के पेच वर्क शीघ्र पूर्ण करने, नगरपालिका परिधि क्षेत्र से टोल को शीघ्र हटवाने, सदरपुरा, पीनणी, लक्ष्मीपुरा, श्योपुर, कल्याणपुरा, हाथगी. रिंडल्या आदि नगरपालिका क्षेत्र में आने वाले गाँवों को शीघ्र थ्री फेस विद्युत लाइन व शहर से जोड़ने, मालपुरा उपखंड का राजस्व नक्शा शीघ्र बनवाने, मालपुरा नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न बाजार व बृजलाल नगर क्षेत्र में पानी निकासी का स्थाई समाधान करने, शहर के सांस्कृतिक स्थल गणगौरी मैदान को अतिक्रमण मुक्त कर सुनियोजित तरीके से विकसित करने, मालपुरा नगर पालिका क्षेत्र में अनावश्यक एंव जबरदस्ती लगाए जा रहे नये विद्युत स्मार्ट मीटरों पर शीघ्र रोक लगाने, मालपुरा के ब्रह्म सरोवर (बम्ब तालाब) की गहरी खुदाई व व्यवस्थित सौन्दर्यकरण करने की मांग की। इस दौरान पूर्व डीआर किशनलाल फगोड़िया, नगरपालिका उपाध्यक्ष पवन मेहन्दवास्या, लावा सरपंच कमल कुमार जैन, एडवोकेट गोविंद चौधरी, एडवोकेट रामावतार शर्मा, पूर्व सरपंच चैनपुरा सुरेश शर्मा, पार्षद मजीद, अब्दुल्ला गहलोत, रामकिशन गुर्जर, गोवर्धन गुर्जर, एडवोकेट कन्हैयालाल सैनी, एडवोकेट मुकेश सैनी, मनीष लावा, प्रधान बीटण, जयनारायण गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान व आमजन मौजूद रहे।

## तेजाजी के भंडारे में एजेंसी एरिया ब्राह्मण समाज ने 31000 का दिया सहयोग



खबरों की दुनिया

**देवली।** नवयुवक मंडल एजेंसी एरिया द्वारा 20 व 21 सितंबर को आयोजित होने वाले भजन संध्या व विशाल भंडारे में एजेंसी एरिया ब्राह्मण समाज द्वारा 31000 रुपए का नगद सहयोग दिया गया। इस दौरान देवली के नेवरबाग बालाजी मंदिर के समीप स्थित तेजाजी मंदिर चौक में बुधवार की शाम को एक सर्व समाज की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में 21 सितंबर को होने वाले अमावस्या मेले के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई, जिसमें 20 सितंबर की शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा, वहीं 21 सितंबर को प्रातः 9 बजे से गुर्जर मोहल्ले से शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो पेट्रोल पंप सर्किल होते हुए नेवर बाग बालाजी होते हुए तेजाजी चौक पर पहुंचेगी, जहां पर ध्वज चढ़ाया जाएगा।

उसके बाद आमजन के लिए विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान ब्राह्मण तेजाजी समिति के हेमराज गुर्जर, रंगलाल माली, महेंद्र बैरवा सहित मौजूद सर्वसमाज के लोगों को ब्राह्मण समाज के नवल-किशोर, पंडित कैलाश चंद्र, यज्ञेश दाधीच, नीरज शर्मा, सीताराम पंचोली, नवल पारीक सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## आकाशदीप शिक्षा शास्त्री कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. पुष्पा को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित






खबरों की दुनिया

**जयपुर।** त्रिवेणी नगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय संस्कृत संगोष्ठी में आकाशदीप शिक्षा शास्त्री कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. पुष्पा को संस्कृत में लिखे लेख के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था निदेशक डॉ. एलसी भारतीय ने डॉ. पुष्पा देवी सम्मान प्राप्त करने पर बधाई दी।



**जयपुर।** इंडियन ओवरसीज बैंक मानसरोवर ने सर्वश्रेष्ठ ग्राहक के लिए आकाशदीप ग्रुप के संस्थापक निदेशक डॉ. एलसी भारतीय का सम्मान किया। बैंक के मैनेजर प्रशांत चौधरी एवं सहायक अभिनव शर्मा ने डॉ. भारतीय को गुलदस्ता भेंट किया।



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में बुधवार को तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर प्रदेश में कार्यक्रमों-अभियानों का शुभारंभ : मुख्यमंत्री ने की 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' की शुरूआत

# सभी नागरिक देश-प्रदेश को स्वच्छ बनाने में निभाएं सक्रिय भूमिका : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### मुख्यमंत्री ने आमजन के साथ किया श्रमदान

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की 8 करोड़ जनता की तरफ से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। डिजिटल इंडिया से लेकर मेक इन इंडिया तक, जन धन योजना से लेकर आयुष्मान भारत तक, हर क्षेत्र में उन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है तथा आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है एवं तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

शर्मा बुधवार को जयपुर के सिटी पार्क में आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' के शुभारम्भ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रभावशाली और कुशल नेतृत्व ने भारत की तस्वीर बदली है। उनका सदैव स्वच्छता पर जोर रहा है और स्वच्छ भारत अभियान इसकी मिसाल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में गरीब कल्याण, आतंकवाद-नक्सलवाद का खात्मा, दुनिया में भारत का बढ़ते गौरव से विश्व में हमारी साख बढ़ी है। उनके विजन से विभिन्न अभियानों के तहत सामाजिक सरोकार के कार्य भी किए जा रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और एक पेड़ मां के नाम अभियान से देश में सकारात्मक परिवर्तन आया है।



### आस-पड़ोस को रखें साफ, बनाएं स्वच्छ एवं स्वस्थ राजस्थान

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कहा था कि त्यौहारों की खुशी के साथ स्वच्छता पर भी ध्यान दें। स्वच्छ वातावरण से पर्यटन बढ़ता है तथा रोजगार के अवसर मिलते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी फेस्टिवल सीजन को देखते हुए सभी लोग अपने घर की साफ-सफाई के साथ आस-पड़ोस को भी साफ रखें जिससे स्वच्छ एवं स्वस्थ राजस्थान बन सके। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को स्वच्छता के लिए आगे आना होगा। राजस्थान के हर शहर, हर गांव को स्वच्छ बनाना हमारा लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी नागरिकों से स्वच्छ भारत निर्माण में सक्रिय सहयोग देने और स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने इस दौरान आमजन को स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आमजन के साथ सिटी पार्क परिसर में श्रमदान किया। उन्होंने आयोजन परिसर में कदंब एवं कल्प का वृक्ष भी लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में शर्मा ने सीवरेज नीति का विमोचन, सफाई मित्रों को पीपीपी किट का वितरण एवं अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। साथ ही, जयपुर स्वच्छता यात्रा की एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई। इस दौरान नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनीत कर्णावत, शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग रवि जैन सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में जयपुर टॉप-20 में हुआ शामिल

शर्मा ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में राजस्थान ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। जयपुर के दोनों नगर निगम (जयपुर ग्रेटर और जयपुर हेरिटेज) राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-20 में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर को सुपर स्वच्छ लीग शहरों में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। वहीं, जयपुर ग्रेटर और जयपुर हेरिटेज दोनों को कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में 3-स्टार रेटिंग मिली है। उन्होंने कहा कि जयपुर ग्रेटर को पहली बार वाटर प्लस सर्टिफिकेट भी मिला है जो भविष्य की रैंकिंग में हमारी स्थिति और मजबूत बनाएगा।

### गत 11 वर्षों में 38 से लगभग 100 प्रतिशत पहुंचा शौचालय निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 अक्टूबर, 2014 को शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान आज जन आंदोलन बन चुका है। वर्ष 2014 में भारत में केवल 38 प्रतिशत घरों में शौचालय थे, वहीं 11 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण से आज यह आंकड़ा 100 प्रतिशत के करीब पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### हरियालो राजस्थान अभियान में बने नए कीर्तिमान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हरियालो राजस्थान अभियान का शुभारंभ पिछले वर्ष किया था जिसके तहत हमारी सरकार ने 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष 7 करोड़ पौधे के लक्ष्य से बढ़कर हमने साढ़े सात करोड़ पौधे लगाए तथा इस वर्ष भी 10 करोड़ पौधे के लक्ष्य से बढ़कर 12 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। हरियालो राजस्थान के तहत हम नए-नए कीर्तिमान बना रहे हैं।

# संस्कृत यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए सम्मान पर बधाई



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राष्ट्रपति सम्मानित शिक्षाविद् डॉ. एलसी भारतीय को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किए जाने पर देशभर से बधाई संदेश मिल रहे हैं। डॉ. भारतीय ने देववाणी संस्कृत के उन्नयन व विकास के लिए जो कुछ किया है वह अतुलनीय है। खबरों की दुनिया परिवार एवं आकाशदीप ग्रुप ऑफ स्कूल्स एंड कॉलेजेज की ओर से भी उनके संस्थापक डॉ. भारतीय के सम्मान पर कोटि-कोटि बधाई।

## गांधी जयंती कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जयपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शासन सचिवालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. जोगाराम प्रमुख शासन सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग ने की। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति शासन सचिवालय, जयपुर परिसर व गांधी सर्किल , जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर पर गांधी जी की मूर्ति स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने समारोह की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की और संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम गरिमामय पूर्ण रूप से आयोजित किया जाए।

बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग, जिला कलक्टर, जयपुर, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, कार्मिक विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

डीजीपी का अंतराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में दौरा

## मुनाबाव बॉर्डर पर बीएसएफ के अधिकारियों और जवानों से हुए रूबरू



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा राज्य में बेहतर पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था की मजबूती को लेकर इन दिनों जोधपुर संभाग के दौरे पर हैं। इसी क्रम में उन्होंने बाड़मेर जिले के सीमावर्ती गडरा रोड थाना और मुनाबाव सीमा चौकी का दौरा किया। भारत-पाकिस्तान सीमा से महज़ 5 किलोमीटर दूर स्थित गडरा रोड थाने पर पहुंचकर डीजीपी शर्मा ने न केवल थाने का गहन निरीक्षण किया, बल्कि अधिकारियों से कानून-व्यवस्था और क्षेत्र में अपराधों की प्रकृति की जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने थाने में संधारित अभिलेखों को देखा और पुलिस की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। डीजीपी ने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेकर पुलिस अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद पुलिस महानिदेशक ने थाने में तैनात जवानों से आत्मीय संवाद किया। जवानों की समस्याएं व अपेक्षाएं सुनते हुए उन्होंने उनके साथ रात्रि भोज भी किया। पुलिस महानिदेशक को अपने बीच पाकर जवान उत्साहित नज़र आए और उन्होंने पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से कर्तव्य निर्वहन का संकल्प दोहराया।

### मुनाबाव बॉर्डर पर पहुंचे डीजीपी

गडरा रोड थाने के निरीक्षण के पश्चात् डीजीपी शर्मा भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मुनाबाव चौकी पहुंचे, जहाँ उन्होंने बीएसएफ अधिकारियों और जवानों से मुलाकात की। डीजीपी ने सीमा पर तैनात बीएसएफ की गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी ली जानकारी।

डीजीपी का बाड़मेर दौरा

# पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों से किया सीधा संवाद




खबरों की दुनिया

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बाड़मेर जिले का दो दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के कल्याण, उनकी समस्याओं के निस्तारण और पुलिस परिवार के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान करते हुए उनके प्रति संवेदनशीलता दिखाई।

डीजीपी शर्मा ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं, क्वार्टर गार्ड, मेस, जिम और आवासीय क्वार्टरों का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों से सीधे संवाद किया। पुलिस परिवार के सदस्यों ने पानी, बिजली और अन्य सुविधाओं से जुड़ी अपनी समस्याओं को डीजीपी के सामने रखा, जिस पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीजीपी शर्मा ने पुलिस परिवार के उन बच्चों को सम्मानित किया जिन्होंने शिक्षा, खेल और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। इन बच्चों में शामिल थे- कांस्टेबल ड्राइवर हेमाराम की बेटी नक्षत्री चौधरी, सोफिया कॉलेज, मुंबई से कला वर्ग में गोल्ड मेडल और टेबल टेनिस में यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडलिस्ट। आरपीएस रमेश कुमार शर्मा की बेटी गंगा कम उम्र में भरतनाट्यम की डिग्री हासिल कर विश्व रेकॉर्ड में दूसरा स्थान। हेड कांस्टेबल श्रेणी दान के पुत्र हर्षित बारहठ बास्केटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल।

कांस्टेबल नारणाराम के पुत्र अरमान चौधरी 10वीं कक्षा में 98.67 प्रतिशत अंक हासिल कर बाड़मेर में प्रथम स्थान।

इसके अतिरिक्त सहायक उप निरीक्षक महिपाल सिंह की बेटी शिवांगी द्वारा बास्केटबॉल में व हेड कांस्टेबल रावताराम के बेटे हिमांशु द्वारा कबड्डी में नेशनल स्तर पर राजस्थान का टीम का प्रतिनिधित्व करने, हेड कांस्टेबल हेमाराम के पुत्र चिन्मय बेनीवाल के दसवीं में 97.33 प्रतिशत हासिल करने और हेड कांस्टेबल वीर सिंह की बेटी भावना द्वारा 12वीं विज्ञान वर्ग में 91.40 प्रतिशत अंक हासिल करने पर डीजीपी ने बच्चों की हौसला अफजाई की और उन्हें उपहार प्रदान किए, जिससे उनका मनोबल बढ़ा।

अपने दौरे के दौरान डीजीपी ने पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण भी किया और सभी जवानों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अल्पाहार के दौरान पुलिस जवानों से व्यक्तिगत बातचीत भी की और उनकी निजी समस्याओं को सुना।

इस दौरे के दौरान डीजीपी के साथ महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज राजेश मीना, उप महानिरीक्षक पुलिस कुंवर राष्ट्रदीप और पुलिस अधीक्षक बाड़मेर नरेंद्र सिंह मीना सहित बाड़मेर के जिले के सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृत्त अधिकारी एवं थानाधिकारी भी उपस्थित थे।

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का प्रधानमंत्री ने किया शुभारंभ



## राजभवन से राज्यपाल बागडे ने कार्यक्रम में ऑनलाइन भाग लिया

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 8वें पोषण माह के साथ 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ किया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजभवन से इस अभियान में ऑनलाइन भाग लिया। उन्होंने बाद में कहा कि भारत भर में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवा और पोषण सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम है। राज्यपाल बागडे ने कहा कि देश में महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के इस राष्ट्रव्यापी सघन अभियान से महिलाओं के स्वास्थ्य की प्रारंभिक पहचान, रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। यह अभियान बेहतर पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के लिए जागरूकता की दिशा में भी बेहद महत्वपूर्ण है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालयः** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123